
RNI No.-UPHIN2016/70155

# के.डी.न्यूज

हिन्दी समाचार पत्र

वर्ष :7 अंक : 40 | सुलतानपुर मंगलवार 28 फरवरी 2023 | पृष्ठः 8 | मूल्यः 3.00 रूपये

## कभी लचर कानून व्यवस्था के लिए जाना जाने वाला उत्तर प्रदेश अब तेजी से तरक्की कर रहा मोदी



लखनऊ उत्तर प्रदेश में चयनित 9,055 पुलिस उप निरीक्षकों, प्रादेशिक सशस्त्र बल (पीएसी) के प्लाटून कमांडर और अग्निशमन अधिकारियों को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बांटे जा रहे नियुक्ति पत्र समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया। लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को उत्तर प्रदेश के कानून–व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि एक समय था जब उत्तर प्रदेश माफियाओं और ध्वस्त कानून व्यवस्था की वजह से जाना जाता था, लेकिन आज इसकी पहचान बेहतर कानून व्यवस्था और तेज गति से विकास की ओर अग्रसर राज्य के रूप में होती है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार ने लोगों में सुरक्षा की भावना को मजबूत किया है। उत्तर प्रदेश में चयनित 9,055 पुलिस उप निरीक्षकों प्रादेशिक सशस्त्र बल (पीएसी) के प्लाटून कमांडर और अग्निशमन अधिकारियों को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बांटे जा रहे नियुक्ति पत्र समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से कहा, “एक समय था जब उत्तर प्रदेश माफियाओं और ध्वस्त कानून व्यवस्था की वजह से जाना जाता था, लेकिन आज इसकी पहचान बेहतर कानून व्यवस्था और तेजी से विकास कर रहे राज्य के रूप में होती है।” कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का रिकॉर्ड किया हुआ वीडियो संदेश सुनाया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना एवं अन्य ने हिस्सा लिया। मोदी ने कहा कि यह अवसर 9,000 से अधिक परिवारों के चेहरे पर खुशी लेकर आया है और कहा कि इस नयी भर्ती से राज्य पुलिस बल और मजबूत होगा। मोदी ने कहा, “मुझे बताया गया कि 2017 से जब से भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार आयी है, अब तक उत्तर प्रदेश पुलिस में डेढ़ लाख से ज्यादा नयी नियुक्तियां हुई हैं। यानी भाजपा के शासन में रोजगार और सुरक्षा दोनों में बढ़ोतरी हुई है।” प्रधानमंत्री ने कहा, “हम सब जानते हैं कि जहां भी कानून व्यवस्था मजबूत होती है, वहां रोजगार की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। जहां सुरक्षित माहौल बनता है, निवेश बढ़ने लगता है।” मोदी ने कहा, “इन दिनों रोजगार मेला मेरे लिए एक विशेष कार्यक्रम बन गया है। कई महीनों से मैं देख रहा हूं कि हर सप्ताह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित किसी न किसी राज्य में रोजगार मेले हो रहे हैं। हजारों नौजवानों को रोजगार के लिए नियुक्ति पत्र दिए जा रहे हैं। मेरा सौभाग्य है कि मुझे उसमें साक्षी बनने का अवसर मिल रहा है।” प्रधानमंत्री ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई और शुभकामना देते हुए कहा, “आज जिन्हें नियुक्ति पत्र मिला है, उन्हें एक बात का हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि आपके जीवन मेंनयी जिम्मेदारी, नयी चुनौतियां, नये अवसर आने वाले हैं रोज नया अवसर आपके लिए इंतजार कर रहा है।” उन्होंने कहा, “मैं व्यक्तिगत रूप से उत्तर प्रदेश के सांसद के तौर पर कह रहा हूं भले आपको नियुक्ति पत्र मिला है आपके नये जीवन की शुरुआत हुई है लेकिन अपने भीतर के विद्यार्थी को कभी मरने मत देना। हर पल नया सीखना। क्षमता बढ़ाना है।

## यूपी उमेश पाल हत्याकांड मामले में अतिक अहमद समेत कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

लखनऊ

उमेश पाल की पत्नी जया पाल की शिकायत पर धूमनगंज थाने में अतीक अहमद, उसके भाई अशरफ, उसकी पत्नी शाइस्ता परवीन, उसके दो बेटों, उसके साथी गुड्डू मुस्लिम और गुलाम एवं नौ अन्य साथियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 147, 148, 149, 302, 307, 506, 120–बी, 34, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, 1908 की धारा 3 और आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 1932 की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया गया। बहुजन समाज पार्टी (बसपा)विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल और उसके सुरक्षाकर्मी की हत्या के मामले में धूमनगंज थाने में शनिवार को पूर्व सांसद अतीक अहमद समेत कई व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। उमेश पाल की पत्नी जया पाल की शिकायत पर धूमनगंज थाने में अतीक अहमद, उसके भाई अशरफ, उसकी पत्नी शाइस्ता परवीन, उसके दो बेटों, उसके साथी गुड्डू मुस्लिम और गुलाम एवं नौ अन्य साथियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 147, 148, 149, 302, 307, 506, 120–बी, 34, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, 1908 की धारा 3 और आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 1932 की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया




गया। प्राथमिकी में जया पाल ने आरोप लगाया है कि उनके पति उमेश पाल, विधायक राजू पाल हत्याकांड के चश्मदीद गवाह थे और वर्ष 2006 में पूर्व सांसद अतीक अहमद और उनके साथियों ने उमेश पाल का अपहरण करके अदालत में ले जाकर जबरदस्ती अपने पक्ष में गवाही दिलाई थी। जया पाल ने कहा है कि उमेश पाल ने अपहरण की प्राथमिकी लिखवाई थी और इस मामले में मुकदमा चल रहा है।

## लगभग 13 लाख के समायोजन में मिली शिथिलता ,अनुशासनहीन कर्मचारियों पर होगा बड़ा ऐक्शन –मनोज कुमार श्रीवास्तव केएनआईटी।

### अनुशासनहीन कर्मचारियों पर होगा बड़ा ऐक्शन दृमनोज कुमार श्रीवास्तव

### अनुशासनहीन कर्मचारियों से संस्थान की छवि हो रही खराब

सुलतानपुर । कमला नेहरू प्रौद्योगिकी संस्थान की साफ –सुथरी छवि को नुकसान पहुंचाने वाले अनुशासनहीन ,बिगड़ैल ,कामचोर और उदण्ड कर्मचारियों पर बहुत जल्द कड़ी कार्यवाही होगी । यह संकेत संस्थान के वित्त एंव लेखाधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव ने के. डी न्यूज से बात करते हुए दी। उन्होंने कहा कि कुछ अनुशासनहीन कर्मचारियों की वजह से संस्थान की साफ–सुथरी छवि को धक्का लग रहा है । ऐसे अनुशासनहीन कर्मचारियों के खिलाफ बड़ा ऐक्शन होगा ।केएनआईटी के वित्त एवं लेखाधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि उन्होंने अपने करीब 7 महीनें के अल्प कार्यकाल में संस्थान के



हित में कई उल्लेखनीय रचनात्मक सुधार किए हैं । उन्होंने कहा कि संस्थान में वित्तीय शुचिता सुरक्षित रखने के लिए संस्थान में कार्यरत शिक्षकों और कर्मचारियों के सालों से लंबित पड़े देयकों का नियमानुसार निस्तारण कराया गया । संस्थान के वाहन चालक रामवृक्ष, के रुके हुए दो साल के वेतन को लेकर परेशान था । इसी तरह संस्थान के पूर्व छात्र–छात्राओं का कॉशन मनी बड़े पैमाने पर लंबित थी । जिसके कारण संस्थान की छवि धूमिल हो रही थी । लेकिन उनके गम्भीर सार्थक प्रयासों से 493 लंबित प्रकरणों में से 354 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निस्तारण कराया गया , जिसे संस्थान के लिए उल्लेखनीय सफलता माना जा रहा है । उन्होंने कहाकि लंबित 139 प्रकरणों का भी बहुत जल्द निस्तारण करा दिया जाएगा । वित्त एंव लेखाधिकारी ने कहाकि कुछ होपलेस कर्मचारियों द्वारा कर्मठ कर्मचारियों का मनोबल गिराया जा रहा है । ऐसे अनुशासनहीन कर्मचारियों पर गाज गिरनी तय है । वे सब कड़े ऐक्शन की जद में हैं । वित्त एवं लेखाधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहाकि संस्थान के कई शिक्षकों ने 13 लाख 34 हजार 69 रूपये अग्रिम लिया था । जिसे शिक्षकों द्वारा समायोजित नहीं कराया जा रहा था । उसे समायोजित कराने के लिए कार्यवाही सुनिश्चित कराई जा रही है । उन्होंने कहाकि संस्थान के कुछ अकर्मण्य ,अनुशासनहीन एवं उद्दंड कर्मचारियों द्वारा अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रचलित कार्यवाही का विरोध किया जा रहा है । उन्होंने कहाकि वित्त एवं लेखाधिकारी की गैर मौजूदगी में प्रशासनिक भवन स्थित उनके ऑफिस में अभद्रतापूर्ण शोर–शराबा करने वाले ऐसे कर्मचारियों को चिन्हित किया गया है । जिनके विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही बहुत जल्द अमल में लाई जाएगी । आवश्यकता पड़ने पर ऐसे अनुशासनहीन बिगड़ैल कर्मचारियों पर नकेल कसने के लिए पुलिसऔर प्रशासन का सहयोग लिया जाएगा ।

## उमेश पाल मामले में शूटर्स की गाड़ी अतीक अहमद के घर के पास हुई बरामद



लखनऊ।

बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड मामले के मुख्य गवाह उमेश पाल ही थे, जिनकी हत्या शुक्रवार को दिन दहाड़े कर दी गई है। इस घटना के बाद आरोपियों को पकड़ने के लिए राज्य की स्पेशल टास्क फोर्स की टीमें तैनात की गई है। उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में उमेश पाल की हत्या के बाद पूरे उत्तर प्रदेश में हड़कंप मचा हुआ है। उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आपराधियों को सख्त चेतावनी दी है। वहीं बीजेपी विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह रविवार को हत्याकांड में मारे गए उमेश पाल के घर परिजनों से भी मुलाकात की है। गौरतलब है कि बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड मामले के मुख्य गवाह उमेश पाल ही थे, जिनकी हत्या शुक्रवार को दिन दहाड़े कर दी गई है। इस घटना के बाद आरोपियों को पकड़ने के लिए राज्य की स्पेशल टास्क फोर्स की टीमें तैनात की गई है, जो आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी में जुटी हुई है। सीसीटीवी वीडियो क्लिप के जरिए अपराधियों की शिनाख्त कर उनकी तलाश की जा रही है। जानकारी के मुताबिक छापेमारी में जुटी टीम को बाहुबली अतीक अहमद के घर के पास से ही सफेद रंग की क्रेटा गाड़ी मिली है, जिसके जरिए आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया था। कहा जा रहा है कि पुलिस को जो क्रेटा गाड़ी मिली है उसमें नंबर प्लेट नहीं है। जांच में ये भी सामने आया है कि जिन सात शूटर्स ने हत्याकांड को अंजाम दिया है उनमें से दो शूटर्स अतीक अहमद के गैंग से ताल्लुक रखते है। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए तेजी से अभियान चलाया है। संभावना है कि इस हत्याकांड के पीछे अतीक अहमद का ही हाथ है। इस संबंध में अतीक अहमद, उसकी पत्नी, बेटों और 9 अन्य साथियों के खिलाफ पुलिस ने केस भी दर्ज कर लिया है। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 147, 148, 149, 302, 307, 506, 120–बी, 34, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, 1908 की धारा 3 और आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 1932 की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक अतीक अहमद वर्तमान में गुजरात की जेल में बंद है मगर यूपी एसटीएफ की टीम गुजरात जाकर इस मामले में उससे पूछताछ कर सकती है। आशंका है कि अतीक अहमद के खिलाफ बुलडोजर एक्शन भी लिया जा सकता है। विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने की परिजनों से मुकालात मृतक उमेश पाल के परिजनों से मिलने 26 फरवरी को भाजपा विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह भी पहुंचे। उन्होंने मृतक की मां पत्नी सेभी मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने आरोपियों पर निशाना साधते हुए कहा कि जब दिए में तेल खत्म होता है तो वो ऐसे ही फड़फड़ाता है।

# सम्पादकीय

## बस अच्छा–अच्छा देखो!

भारतीय मीडिया के एक हिस्से ने जिस तरह इंटरव्यू में से भारतीय अर्थव्यवस्था की सकारात्मक छवि निकालने की कोशिश की है, वह हैरतअंगेज तो है, लेकिन उससे भी ज्यादा यह अफसोसनाक है।

नौरील रॉबिनी न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के स्टर्न स्कूल ऑफ बिजनेस में प्रोफेसर हैं। अभी हाल में वे अपनी किताब मेगा थ्रेट्स 2023 बियोंड के प्रकाशन के साथ चर्चित हुए हैं। इसके अलावा विश्व कारोबार में डॉलर का वर्चस्व संबंधी उनके अनुमान ने भी उन्हें चर्चा में बना रखा है। प्रो. रॉबिनी ने एक भारतीय टीवी चौनल को इंटरव्यू में दिया। उसमें उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था के वर्तमान और संभावनाओं का एक ठोस आकलन उन्हें प्रस्तुत किया है। लेकिन भारतीय मीडिया के एक हिस्से ने जिस तरह उनकी बातों में से भारतीय अर्थव्यवस्था की सकारात्मक छवि निकालने की कोशिश की है, वह हैरतअंगेज तो है, लेकिन उससे भी ज्यादा यह अफसोसनाक है। मसलन, प्रो. रॉबिनी का अनुमान सुर्खियों में आया है कि भारत लंबे समय तक 7 से 8 प्रतिशत तक वृद्धि दर हासिल करने में सक्षम है। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया है कि ऐसा करने के लिए भारत को नीतियों और स्थितियों में क्या बदलाव लाना होगा। इसी तरह उनकी ये बात सुर्खी बनी है कि कारोबार की नई मौद्रिक व्यवस्था में भारतीय रुपया भी रिजर्व करेंसी के रूप में उभरेगा। जबकि प्रो. रॉबिनी ने असल में कहा यह है कि भारत का विभिन्न देशों को जो आयात–निर्यात होगा, उस हिस्से का भुगतान रुपये में भी होगा।

यह प्रकरण इसलिए महत्त्वपूर्ण है कि भारतीय मीडिया आज इसी तरह आधी सूरत दिखा कर भारत में हेडलाइन मैनेजमेंट का हिस्सा बना हुआ है। प्रो. रॉबिनी की बातों में से सकारात्मक पक्ष निकाल कर उस पर संपादकीय लिखे गए हैँ। जबकि अगर उनके पूरे इंटरव्यू पर गौर किया जाए, तो उससे भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने मौजूद कठिन चुनौतियों पर रोशनी पड़ती है और साथ ही कई मामलों में भारत सरकार की नीतियों की आलोचना भी उसमें मौजूद है। प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेंटिव (पीएलआई) जैसी सरकारी नीतियां क्यों ज्यादा कुछ हासिल नहीं कर पा रही हैं, इसकी वजहें प्रो. रॉबिनी ने बताई हैँ। दरअसल, अगर उनकी बातों को सही संदर्भ में लिया जाए, तो भारत की संभावनाओं को हासिल करने के लिए जरूरी नीतिगत परिवर्तनों का एक खाका उसमें मौजूद है। लेकिन भारतीय मीडिया की बलिहारी है कि उसने प्रो. रॉबिनी को भारत के श्फैन्स क्लबश् के सदस्य के रूप में पेश कर दिया है।

## विपक्ष की आपस में जोर आजमाइश

कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियों को भाजपा से लडना है लेकिन उससे पहले सारी विपक्षी पार्टियां आपस में लड़ कर स्कोर सेटल करने में लगी हैं। इसलिए भाजपा से लडने से पहले आपसी जोर आजमाइश हो रही है। अगले दो महीने में दो ऐसे बड़े कार्यक्रम होने वाले हैं, जिसमें कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियां अपनी ताकत का प्रदर्शन करेंगी। तेलंगाना के मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति के नेता के चंद्रशेखर राव और कांग्रेस एक– एक शक्ति प्रदर्शन कर चुके हैं और सबने देखा कि केसीआर ने कांग्रेस को मात दी थी। अब दोनों के बीच दूसरा शक्ति प्रदर्शन होने वाला है। पहले केसीआर ने खम्मम में विपक्ष की रैली की थी, जिसमें विपक्षी नेताओं के साथ साथ चार मुख्यमंत्री शामिल हुए थे पर कांग्रेस की कश्मीर रैली में कोई विपक्षी मुख्यमंत्री या नेता शामिल नहीं हुआ।

अब कांग्रेस अपनी सहयोगी डीएमके के कंधे पर बंदूक रख कर चलाने जा रही है तो दूसरी ओर केसीआर एक बार फिर अपनी ताकत का प्रदर्शन करने जा रहे हैं। पहले कांग्रेस और डीएमके का प्रदर्शन होगा। एक मार्च को डीएमके नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन का जन्मदिन है। वे 70 साल के हो रहे हैं और इस मौके पर उन्होंने सभी विपक्षी पार्टियों को आमंत्रित किया है। चेन्नई में होने वाले जन्मदिन समारोह में कांग्रेस की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे शामिल होंगे। सबसे दिलचस्प बात यह है कि इसमें भारत राष्ट्र समिति के नेता और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को नहीं बुलाया गया है। कहा जा रहा है कि स्टालिन कांग्रेस को ध्यान में रख कर इन नेताओं से सहमति बनाते हुए इनको नहीं बुलाया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी नहीं बुलाया गया है। वह भी आपसी सहमति से हुआ पर दलील यह दी गई है कि उनका भी जन्मदिन एक मार्च को ही है। वे स्टालिन से दो साल बड़े हैं। सो, बीआरएस, तृणमूल कांग्रेस और जदयू के अलावा बाकी सारी विपक्षी पार्टियां आमंत्रित हैं और जुटेंगी भी। वह एक तरह से कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन है। इसके जवाब में के चंद्रशेखर राव 14 अप्रैल को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर अपने राज्य में एक बड़ा जलसा करने की तैयारी कर रहे हैं।

# वारिस पंजाब दे संगठन यदि मजबूत हुआ तो पंजाब और देश के लिए बड़ा खतरा बन जायेगा




पूरे घटनाक्रम की शुरुआत उस समय हुई जब अमृतपाल के ही एक साथी बरिन्द्र सिंह ने सोशल मीडिया पर अमृतपाल के खिलाफ कुछ पोस्टें डालीं। इस पर अमृतपाल के अन्य साथी उसे उठा कर उसके पास ले गए जहां उसके साथ कथित तौर पर मारपीट हुई। गुरुवार 23 फरवरी को पंजाब के अजनाला कस्बे में थाने पर खालिस्तान समर्थक संगठन 'वारिस पंजाब दे' के जत्थेदार अमृतपाल सिंह के हजारों हथियारबन्द समर्थकों ने कब्जा कर लिया और अपने साथी लवप्रीत सिंह तूफान को मुक्त करवाने के लिए पुलिस को झुकाने में सफल हो गए। पूरा घटनाक्रम कानून व्यवस्था के साथ–साथ पूरे राज्य को गम्भीर चुनौती है जिसको हल्के में नहीं लिया जा सकता। राज्य में सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह व कई बुद्धिजीवियों ने चुनावों के समय ही चेता दिया था कि पंजाब जैसा संवेदनशील राज्य जो पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का शिकार हो, उसे अनुभवहीन नेतृत्व के हाथों में दिया जाना खतरे से खाली नहीं है। आज वह आशंका फलीभूत होती दिख रही है। जिस तरह गुरु ग्रन्थ साहिब की आड़ में बन्दूकों, तलवारों व नेजों से लैस हजारों कट्टरपन्थियों की भीड़ ने थाने में उत्पात मचाया, ऐसी घटना तो उस दौर में भी नहीं हुई जब राज्य में खालिस्तानी आतंकवाद चरम सीमा पर था।पूरे घटनाक्रम की शुरुआत उस समय हुई जब अमृतपाल के ही एक साथी बरिन्द्र सिंह ने सोशल मीडिया पर अमृतपाल के खिलाफ कुछ पोस्टें डालीं। इस पर अमृतपाल के अन्य साथी उसे उठा कर उसके पास ले गए जहां उसके साथ कथित तौर पर मारपीट हुई। अजनाला थाने की पुलिस ने बरिन्द्र सिंह की शिकायत पर अमृतपाल सहित उसके पांच साथियों व 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया और अमृतपाल के साथी लवप्रीत सिंह तूफान को गिरफ्तार भी कर लिया। इसी लवप्रीत सिंह को निरपराध बताते हुए अमृतपाल उसकी रिहाई की मांग कर रहा था और उसे छुड़ाने के लिए उसके हथियारबन्द समर्थकों ने थाने पर हमला बोल दिया। दबाव में आई पुलिस ने पूरे मामले को लेकर विशेष जांच दल गठित करने व तूफान को छोड़ने की बात कह कर अपना पिण्ड छुड़ाने की कोशिश की है। विश्लेषक मानते हैं कि ऐसा करके पुलिस ने अपनी जान तो छुड़ा ली है परन्तु इसके गम्भीर परिणाम सामने आने की आशंका बलवती हो गई है। इससे न केवल खालिस्तानी अराजक तत्वों के हौंसले बढ़ेंगे बल्कि दूसरी ओर पुलिस बलों का मनोबल भी गिर सकता है। राज्य की जनता तो पहले ही इन तत्वों से भयभीत और मौन है। पंजाब में अलगाववाद तीन–साढ़े तीन दशक पुरानी समस्या है। नब्बे के दशक में इसे मृतप्रायरू मान लिया गया लेकिन विदेशों में बैठी अलगाववादी शक्तियों ने इस चिंगारी को पूरी तरह बुझने नहीं दिया। कभी श्री गुरु ग्रन्थ साहिब की बेअदबी की आड़ में तो कभी जेलों में बन्द सिख कैदियों की रिहाई की आड़ में सिख नौजवानों के मनों में देशविरोधी विष भरा जाता रहा। हमारी व्यवस्था व राजनीतिक दल भी इस खतरे के प्रति पीठ करके खड़े हो गए। केवल इतना ही नहीं देश की राजनीति में नई आई आम आदमी पार्टी ने पंजाब में सत्ता की खातिर इसको लेकर तरह–तरह के प्रयोग करने शुरू कर दिए। दिल्ली की सीमा पर एक साल से भी अधिक समय तक चले किसान आन्दोलन ने देश–विदेश में बैठी अलगाववादी शक्तियों को अपना जनाधार व ताकत बढ़ाने का अवसर दिया तो खालिस्तान समर्थक होने का आरोप झेल रही आम आदमी पार्टी के पंजाब में सत्तारुढ़ होने के बाद इन शक्तियों के हौसले और भी बुलन्द होने लगे। इस बीच राज्य में आतंकी, गैंगस्टर और तस्करों का विषाक्त घालमेल सामने आने लगा और रह–रह कर राज्य में आतंकी कार्रवाईयां होने लगीं। चाहे विदेश में बैठा सिख्स फॉर जस्टिस का सरगना गुरपवन्त सिंह पन्नू खालिस्तानी गतिविधियों का केन्द्र रहा है, परन्तु पंजाब के अन्दर अलगाववाद उस मवाद भरे फोड़े की भान्ति था जिसका अभी मुंह नहीं बना। नेतृत्व की कमी को पूरा करने की कोशिश की है 'वारिस पंजाब दे' के जत्थेदार अमृतपाल सिंह ने जो आज अमृत संचार के नाम पर राज्य के सिख युवाओं का रेडिकलाइजेशन कर रहा है। यहां यह भी बता दें कि वारिस पंजाब दे संगठन को किसान आन्दोलन की उपज रहे व लाल किला हिंसा के आरोपी दीप सिद्धू ने खड़ा किया था और उसकी कार दुर्घटना में हुई मौत के बाद दुबई से लौटे अमृतपाल ने इस संगठन की बागडोर सम्भाली है। इसी संगठन से जुड़े लोगों व अमृतपाल के अनुयायियों ने अजनाला में थाने पर हमला कर देश की व्यवस्था को चुनौती दी है। पंजाब की अनुभवहीन सरकार जिस तरीके से इन अलगाववादी शक्तियों के प्रति ढुलमुल की नीति अपनाए हुए है उससे खतरा और भी बढ़ने वाला है। देखने में आया है कि किसान आन्दोलन के समापन को अलगाववादी शक्तियों ने अपनी विजय के रूप में लिया है और अब हिंसा के जोर पर अपनी बात मनवाने की कोशिश करने लगी हैं।

पिछले दिनों मोहाली में भी इसी तरह कैदी सिखों की रिहाई को लेकर चल रहे मोर्चे के दौरान हिंसा देखने को मिली थी। पिछले साल इसी तरह की मानसिकता वाले लोग पटियाला में काली मन्दिर के पास उत्पात मचा चुके हैं।

# बाबाओं का हिन्दू राष्ट्र

अजय दीक्षित

बागेश्वर धाम के बाबा धीरेन्द्र शास्त्री आजकल एक महायज्ञ कर रहे हैं । महायज्ञ में अनेक साधु–संत मंत्रोच्चारण कर हवन कुण्ड में आहुति डाल रहे हैं । बागेश्वर बाबा अपने दरबार में नारे लगवा रहे हैं कि भारत शहिन्दू राष्ट्रश बनकर रहेगा। उनके आह्वान पर उपस्थित भीड़ शहिन्दू राष्ट्रश पर अपनी सहमति देती है। बाबा ने यह भी खुलासा किया है कि संसद में शहिन्दू राष्ट्रश पर जल्द ही कुछ होने वाला है। जहां तक हमारी सूचना है, सरकार की कार्य–सूची में ऐसा कोई एजेण्डा नहीं है। वैसे भी 13 मार्च तक संसद अवकाश पर है। उसके बाद बजट के शेष सत्र के दौरान यह स्पष्ट हो जायेगा कि शहिन्दू राष्ट्रश पर क्या होने वाला है? हमारा मानना है कि भोली और धर्मांध जनता को बरगलाया और उकसाया जा रहा है। यह परोक्ष रूप से एक चुनावी एजेण्डा भी साबित हो सकता है। बहरहाल साधु–संतों ने दिल्ली के जंतर–मंतर पर भी प्रतीकात्मक श्धर्म संसदश का आयोजन किया था, ताकि शहिन्दू राष्ट्रश के मुद्दे को और गरमाया जा सके। आश्चर्य तब हुआ, जब उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कहा कि भारत को शहिन्दू श्राष्ट्रश बनाने से परहेज नहीं होना चाहिए। वह मानते हैं कि भारत अपनी आत्मा और संस्कृति से शहिन्दू राष्ट्रश ही है। आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत विभिन्न मुद्दों के सन्दर्भ में मानते रहे हैं। कि जिसका जन्म हिन्दुस्तान में हुआ है और इसी देश का नागरिक है, उसकी धार्मिक पूजा– पद्धति कुछ भी हो, वे मूलतरू शहिन्दूश ही हैं। संघ प्रमुख मुसलमानों को भी हिन्दू मानते रहे हैं, जबकि मुस्लिम नेता, मुल्ला–मौलवी और औसत मुसलमान को भी ऐसी हिन्दू– अवधारणा पर सख्त ऐतराज है। दरअसल भारत संवैधानिक तौर पर हिन्दू राष्ट्र बन ही नहीं सकता, बेशक यहां की 83 फीसदी से अधिक आबादी हिंदू है

# होली के त्यौहार में लोगों को स्वच्छ एवं साफ–सुथरे नगर दिखे – एके शर्मा

## 17 अप्रैल को वाराणसी में होने वाली जी–20 की बैठको के लिए बेहतर व्यवस्था, साफ सफाई एवम् हरियाली बढ़ाने के दिए निर्देश

संवाददाता।



लखनऊ। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने आयुष और नगर विकास विभाग के अधिकारियों के साथ नगरों की साफ–सफाई, सुंदरीकरण और बेहतर व्यवस्थापन के साथ ही आयुष चिकित्सा व योग को जन जन तक पहुंचाने के लिए 01 मार्च,2023 से चिन्हित नगरीय पार्कों में शुरू हो रहे योग दिवस एवम् आयुष चिकित्सा कार्यक्रम के लिए आवश्यक तैयारियों के संबंध में बैठक की। नगर विकास मंत्री ए0के0 शर्मा ने रविवार को सुबह आठ बजे जल निगम के फील्ड हॉस्टल संगमइमें नगर विकास, सूडा एवं आयुष विभाग के 1000 से अधिक अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने के लिए स्वांत सुखाय की अवधारणा के तहत लोगो को स्वच्छ वातावरण और स्वस्थ्य जीवन प्रदान करने हेतु आयुष चिकित्सा और योग को जन–जन तक पहुंचाने के लिए 01 मार्च से प्रदेश के सभी निकायो के चिन्हित पार्कों में आयुष चिकित्सा एवं योग दिवस कार्यक्रम प्रतिदिन आयोजित किया जायेगा। यह कार्यक्रम नगर विकास, आयुष विभाग और आवास विकास के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। सभी जनपदों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता बनाई गई कमेटी इस कार्यक्रम की नियमित मॉनीटरिंग भी करेगी। यह कार्यक्रम शहरों के चिंहित पार्कों में प्रतिदिन 45–45 मिनट के 02 चरणों में ग्रीष्म ऋतु में प्रातः 6.15 से 7.00 बजे एवं 7.15 से 8.00 बजे के बीच तथा शीतकाल में 7.15 से 8.00 बजे एवम् 8.15 से 9रू00 बजे तक आयोजित किये जाएगा। ए0के0 शर्मा ने बताया कि योग दिवस कार्यक्रम आयोजित कराने के लिए प्रत्येक नगर निगम में ऐसे 03 पार्क, नगरपालिका परिषदों में 02 पार्क तथा नगर पंचायतों में 01 पार्क चिन्हित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। जनभागीदारी बढ़ाने के लिए इसका व्यापक प्रचार–प्रसार कराने को भी कहा गया। योग दिवस कार्यक्रम के दौरान ऐसे सभी पार्कों में आयुष, यूनानी और होम्योपैथी के चिकित्सकों की टीम भी लोगों का स्वास्थ्य चेकअप करने के पश्चात दवा देने के लिए उपलब्ध रहेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आपस में समन्वय बनाकर ऐसे पार्कों में तैयारियों को अंतिम रूप दे। पार्कों की साफ–सफाई, स्वच्छ शौचालय, स्वच्छ पानी की व्यवस्था हो। म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट भी लगाये जाए। योगा के लिए चटाई की व्यवस्था हो, चिकित्सकों के बैठने और दवाईयों के लिए कुर्सी मेज की व्यवस्था आदि पर ध्यान देंगे। उन्होंने बताया कि आयुष एवं नगर विकास विभाग का इस कार्यक्रम में उत्तरदायित्व निर्धारित करने के लिए 27 फरवरी को इस संबंध में दोनों विभागों के बीच एमओयू भी किया जाएगा। नगर विकास मंत्री ने 17 अप्रैल को वाराणसी में होने वाली जी–20 की बैठको की तैयारियों का भी जायजा लिया। उन्होंने नगर आयुक्त वाराणसी को निर्देश दिए कि शहर की हरियाली और खूबसूरती को बढ़ाएं। वाराणसी में वैश्विक स्तर का व्यवस्थापन करें। इसके लिए अभी से कमर कस ले। कहीं पर कोई कमी न रह जाए। चिन्हित मार्गों पर बेहतर प्रबंधन हो। स्वच्छता सफाई का विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि लखनऊ और आगरा में हुई जी–20 की बैठको में आए प्रतिनिधियों ने वहां की साफ–सफाई, सुंदरता और व्यवस्थापन की बहुत तारीफ की है। ऐसा ही प्रयास वाराणसी के लिए भी किया जाए। उन्होंने सभी नगर आयुक्तों को भी निर्देश दिए हैं कि शहरों को ग्लोबल सिटीज बनाने के अभियान को युद्ध स्तर पर जारी रखें। योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए समयबद्ध रूप से तथा लक्ष्य के अनुरूप कार्य करें। इस वित्तीय वर्ष में जारी बजट को समय से खर्च करें। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि जिन योजनाओं में बजट खर्च नहीं हो पाएगा, आने वाले वित्तीय वर्ष में उन योजनाओं के लिए पैसा नहीं दिया जाएगा तथा कार्यों में लापरवाही व शिथिलता के लिए संबंधित अधिकारियो के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने निदेशक सूडा तथा निदेशक नगरीय निकाय को निर्देश दिए कि अपने विभागों के कार्यक्रमों की नियमित मॉनिटरिंग करें और योजनाओं को जमीन पर उतारने के लिए कार्ययोजना को और व्यवस्थित ढंग से संचालित करे। डीसीसीसी और टोल फ्री 1533 की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा इसे और व्यवस्थित ढंग से संचालित करने को कहा। सभी निकाय स्ट्रीट लाइट के रखरखाव पर भी विशेष ध्यान देंगे। कहीं पर भी कूड़ा न जलाए जाए, इसका ख्याल रखें। साफ किए गए कूड़ा स्थलों पर बेंडिंग जोन भी बनाएं, जिससे कि शाम को लोग जाकर अपना वक्त बिता सकें। मलिन बस्तियों की साफ सफाई व विकास कार्यों में और गति लाई जाए। उन्होंने सभी निकायों डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन, कूड़ा निस्तारण, कूड़ा स्थलों की सफाई तथा सुंदरीकरण पर विशेष ध्यान देने और नगरों की सफाई में मशीनों का अधिक से अधिक प्रयोग करने को कहा। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर ध्यान देने तथा एमआरएफ को संचालित करने को भी कहा। कहा कि आने वाले होली के त्यौहार में लोगों को स्वच्छ एवं साफ–सुथरे नगर दिखे, इसके लिए अभी से प्रयास करें। उन्होंने नगर आयुक्त लखनऊ इंद्रजीत सिंह को निर्देश दिए कि लखनऊ के 1090 चौराहे में बनाए गए सेल्फी प्वाइंट श्आई लव यू लखनऊश् में से आई लव पिछले 10 दिनों से गायब है,इसे जितना जल्दी हो सकें ठीक कराएं। इसी प्रकार आगरा शहर से भी कमियों की शिकायतें आ रही हैं। इस प्रकार आगरा एवं लखनऊ की शहरी व्यवस्था में आई कमियों को जल्द से जल्द ठीक कराएं।

# नूर जहाँ, मिर्जा मूसा बेग की स्मृति में चाचा नेहरू इंटर कालेज कूरेभार में ब्लाक स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन।

कूरेभार सुल्तानपुर नूर जहाँ मिर्जा मूसा बेग की स्मृति में चाचा नेहरू इंटर कालेज कूरेभार पर चल रही है ब्लॉक स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता दर्जनों स्कूलों के 370 बच्चे कर रहे है सामान्य ज्ञान की प्रतियोगिता में प्रतिभाग 4 मार्च को रिजल्ट किया जाएगा



घोषित परीक्षा में सफल परीक्षार्थियों को किया जाएगा पुरुस्कृत कूरेभार कस्बें में खुला चाचा नेहरू इंटर कालेज में आज रविवार को ब्लॉक स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,चाचा नेहरू इंटर कालेज कूरेभार के प्रबंधक मिर्जा अल्ताफ बेग ने बताया कि नूर जहां ,मिर्जा मूसा बेग जो हमारे दादा,दादी है उनकी याद में इंटर कालेज में ब्लॉक स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमे ब्लाक के दर्जनों स्कूलों से 370 बच्चों ने सामान्य ज्ञान की प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया है। प्रबंधक श्री बेग ने आगे बताया कि 4 मार्च को रिजल्ट घोषित किया जाएगा, परीक्षा में सफल परीक्षार्थियों को पुरुस्कृत भी किया जाएगा ।

# पंडित दीनदयाल पशुआरोग्य मेला का हुआ आयोजन,सैकड़ों पशुपालकों को मिला लाभ।



सुलतानपुर विकास क्षेत्र कूरेभार के निदूरा गांव ने पंडित दीनदयाल पशुआरोग्य मेला का हुआ आयोजन,आये हुए किसानो को दी जा रही है जानकारी।इस बात की जानकारी कूरेभार के पशुचिकित्साधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने दी। विकासखंड कूरेभार के ग्राम पंचायत निदूरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन ,पशु चिकित्सा अधिकारी कूरेभार डॉ शैलेंद्र सिंह के अध्यक्षता में आयोजित किया गया ,जिसका शुभारंभ प्रधान प्रतिनिधि ओमप्रकाश द्वारा गौ पूजन करने के बाद फीता काटकर किया गया। मेले में 311 बड़े एवं 289 छोटे पशुओं की चिकित्सा किया गया। मेले में डॉ प्रदीप कुमार यादव पशु चिकित्सा अधिकारी डीहडग्गुपुर,एवं डॉ वीरेंद्र प्रताप श्रीवास्तव पशु चिकित्सा अधिकारी सारंगपुर द्वारा पशुपालकों को पशु पालन के बारे में तथा विभागीय योजनाओं की वृहत जानकारी दी गई। मेले में श्यामलाल, संदीप कुमार गुप्ता, धीरेंद्र कुमार व कुमारी सुमन एवं भानु प्रताप मिश्रा समेत तमाम लोग उपस्थित रहकर मेले को संपन्न करवाएं। अंत में पशु चिकित्सा अधिकारी कूरेभार डॉ शैलेंद्र सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करके मेले का समापन किया।

# श्री कृष्णा इंटर कालेज कूरेभार में कक्षा आठ के छात्र छात्राओ के लिए हुई प्रतियोगी परीक्षा,प्रथम आये छात्र छात्राओ की शिक्षा होगी मुफ्त।

**सपनों की उड़ान को लेकर कूरेभार के श्री कृष्णा इंटर कालेज पर प्रतियोगी परीक्षा का हुआ आयोजन**
**परीक्षा में 370 बच्चों ने किया प्रतिभाग**
**'परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को बिद्यालय द्वारा निःशुल्क शिक्षण सहित अन्य सुविधाएं कराई जाएगी उपलब्ध।**



कूरेभार सुलतानपुर श्री कृष्णा इंटर कालेज मियागंज कूरेभार ने कक्षा आठ में अध्ययनरत छात्र छात्राओ के लिए चाहे वह जिस स्कूल में पढते हो एक परीक्षा आयोजित की, जिसमे सैकड़ों छात्र छात्राओ ने भाग लिया, आयोजित परीक्षा की जानकारी देते हुए श्री कृष्णा इंटर कालेज के प्रबंधक बी के यादव ने बताया कि इस हो रहे परीक्षा में प्रथम आने पर प्रति विद्यालय एक छात्र एक छात्रा का शिक्षण फीस एवं पुस्तक खर्च विद्यालय वहन करेगा।इस परीक्षा में 370 बच्चों ने प्रतिभाग किया है।

## संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक

### संयुक्त किसान मोर्चा पूरे जिले में करेगा पद यात्रा

संवाददाता।

अयोध्या। संयुक्त किसान मोर्चा की एक आवश्यक बैठक मसोधा स्थित रानी सती मन्दिर में मोर्चे के संयोजक मयाराम वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पूरे प्रदेश में किसान आवारा पशुओं से अपनी फसलों की रक्षा कर पाने में पूरी तरह विफल हो गया है। एक तरफ कृषि लागत लगातार बढ़ रही है वहीं दूसरी तरफ आवारा पशु फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। सरकार बयानबाजी तो बहुत करती है लेकिन उसकी कोई भी राहत जमीन पर नहीं उतर पा रही है । सरकार समर्थित लोग गोशाला के नाम पर जनता के धन की लूट कर रहे हैं। वक्ताओं ने बेतहाशा बढ़ रही मंहगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर भी चिंता व्यक्त की और इसके लिए सरकार की जनविरोधी नीतियों को जिम्मेदार बताया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि आवारा पशुओं से निजात दिलाने, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को लेकर जनता को जागरूक करने के उद्देश से संयुक्त किसान मोर्चा पूरे जिले में पद यात्रा का आयोजन करेगा। पद यात्रा कार्यक्रम की रूपरेखा एवं तैयारी के लिए आगामी 12 मार्च को मोर्चे की विस्तारित बैठक मसौधा होगी। बैठक में भाकियू नेता कमला प्रसाद बागी, भाकपा जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी, भाकपा (माले) जिला प्रभारी अतीक अहमद, स्वामीनाथ पटेल, वृजनाथ पटेल, अभयराज ब्रह्मचारी, डॉ शिव प्रताप यादव, राम तिलक वर्मा, मायाराम वर्मा, रवीन्द्र कुमार वर्मा, राम बहादुर वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री से लेकर डीएम तक शिकायत, नहीं हट सका अतिक्रमण

मिल्कीपुर–अयोध्या। तहसील क्षेत्र मिल्कीपुर के ग्राम पंचायत कोटडीह में सरकारी जमीन चक मार्ग नाली एवं खतौनी पर हो रहे अतिक्रमण की शिकायत शिकायतकर्ता घनश्याम शुक्ला ने जिलाधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री तक की लेकिन अभी तक शिकायतकर्ता को अधिकारियों द्वारा न्याय नहीं मिल सका मालूम हो कि ग्राम पंचायत कोटडीह स्थित गाटा संख्या 1665 पर विपक्षियों द्वारा अवैध निर्माण कराया जा रहा है जिसके बगल में चक मार्ग एवं नाली को बाधित किया जा रहा है शिकायतकर्ता घनश्याम शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री से लेकर जिलाधिकारी अयोध्या ,तहसील दिवस, एवं एसडीएम मिल्कीपुर को दर्जनों शिकायतें प्रार्थना पत्र दिया गया लेकिन अधिकारियों के कान पर जूं नहीं रेंग रही है कब्जा हटाना तो दूर मौका मुआयना तक करने की जहमत प्रशासन ने नहीं उठाई। जिसके चलते विपक्षी मुकेश बलराम राहुल उमा देवी जग प्रसाद कृष्ण कुमार द्वारा चक मार्ग नाली एवं मेरे खाते की जमीन पर दीवार खड़ी कर ली है यह सब शिकायत देने के बाद अधिकारियों के ढुलमुल रवैया के चलते अतिक्रमण किया गया है। लोगों का आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया है पीड़ित घनश्याम ने कहा कि यदि प्रशासन अवैध कब्जे एवं अतिक्रमण को नहीं हटवाता है तो तहसील प्रांगण में धरना देने को बाध्य होना पड़ेगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत, पोस्टमार्टम भेजा गया शव

मिल्कीपुर–अयोध्या। हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के रूरूखास मजरे देवसिया पारा में राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई है।ग्रामीणों द्वारा राष्ट्रीय पक्षी मोर के मरने की सूचना 112 पुलिस व वन कर्मियों को दी गई। सूचना पर पहुंचे पीआरवी 0917 के साथ वन कर्मियों ने मोर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वन कर्मी सुनील कुमार दूबे व मुन्नी लाल यादव ने बताया कि रूरूखास मजरे देवसिया पारा में एक राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। मोर का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस मौके पर ग्राम रूरूखास मजरे देवसिया पारा के जनक राम, रोहित कुमार, दीपक कुमार, दिवांश चौरसिया व आशीष विश्वकर्मा सहित ग्रामीणों के सहयोग रहा।

## भूमि विवाद को लेकर दो पक्षो में चली लाठी

बीकापुर–अयोध्या। कोतवाली क्षेत्र के कोदैला गांव निवासिनी सुमन यादव पत्नी बृजेश यादव ने शिकायती पत्र में दर्शाते हुए कहा है कि रविवार को वि पक्षी अपना मकान बनवाने के नाम पर मेरी दीवाल गिरा दिये दीवाल और जमीन कब्जा करने से मना करने पर रविवार को दोपहर में राम तीरथ विवेक, विकास, विशाल, निखिल आदि लोगों द्वारा बुरी तरह से मारने पीटने का आरोप लगाया है, स्थानीय पुलिस को शिकायत मिलने पर इस इंस्पेक्टर ने बताया कि मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा गया है,

मेडिकल के बाद उचित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके कार्यवाही की जाएगी शिकायत में दर्शाया है कि मेरी और मेरे पति की जान हल्ला गुहार पर आए लोगों ने किसी तरह बचाया है बिपक्षी गण जाते समय जान से मारने की धमकी देते चले गए हैं।

## मानक के विपरीत हो रहा सड़क निर्माण, शिकायत

संवाददाता।

बीकापुर–अयोध्या।कोतवाली क्षेत्र के कटारी ग्राम सभा निवासी समाजसेवी सुशील पांडे ने मानक को ताक पर रखकर बनाई जा रही सड़क एम आर एल 15 प्रयागराज से अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग 330 से गोपालापुर संपर्क मार्ग महांवं तक का निर्माण 6 माह से चल रहा है जो अभी तक पूरा नहीं हो सका है।

# ट्रैफिक बूथ से भी अपराधियों पर रखी जाएगी पैनी नजर

### जन–सहयोग से शहर के रोड़वेज बस स्टाफ और पांचोंपीरन मजार मोड़ स्थित तैयार किये गए बूथ

संवाददाता।

सुलतानपुर। यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए शहर में अबतक दो यातायात बूथ का निर्माण किया गया है। इस बूथ का उद्देश अनाधिकृत रूप से फर्राटा भरने वालो के साथ ही अपराध और अपराधियों पर नजर रखना, उन पर फौरी कार्यवाई करना तथा ई–रिक्शे का रूट कलर के विरूद्व सवारी भरने पर प्रभावी कार्यवाही के जद में लाना। बताते चले कि कुछ दिन पहले रोडवेज स्थित जीआईसी स्कूल के बगल यातायात पुलिस ने अपने बूथ की शुरूआत की है। इसके बाद अतिशीघ्र गोमती ओवरब्रिज के पास पांचोपीरन बाबा की मजार मोड़ के पास एक बूथ और तैयार किया गया है। जहां पर यातायात संबंधी सभी जानकारियों का बोर्ड लगाकर लोगों को यातायात का पाठ पढाघ्ने का काम किया जा रहा है, बूथ को जन–सहयोग के माध्यम से बनाया गया है, बूथ पर हमेशा एक सब इंस्पेक्टर की मौजूदगी रहेगी। जिसकी नजर यातायात नियमों को तोड़ने वाले और किसी भी प्रकार के अपराध को अंजाम देने वालों पर प्रभावी कार्यवाही करना मुख्य कार्य होगा। जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए क्षेत्राधिकारी यातायात अब्दुस सलाम व टीएसआई अनूप सिंह पिछले लंबे समय से वाहन चालकों के बीच जागरूकता अभियान के जरिये उन्हें सरल, सुगम और सुरक्षित यात्रा का मंत्र दे रहें है। जिसका असर दिखने भी लगा है, टीएसआई अनूप सिंह का एकल दिशा मार्ग का प्रयोग काफी सफल साबित हुआ। शहर की सब्जीमंडी से कुड़वार नाका और रोड़वेज बस स्टाप तक सुबह से शाम तक ई–रिक्शा के चलते मार्ग अवरूद्ध रहा करता था, परंतु एकल दिशा मार्ग की शुरूआत होते ही आवागमन काफी सुलभ हो गया है। इसी प्रकार सीओ यातायात अब्दुल सलाम की इंजीनियरिंग का असर चार चक्का वाहनों पर खूब दिख रहा है, वाहन स्वामी स्वयं काली फिल्म हटाने का काम कर रहे हैं, सीटबेल्ट से लेकर वाहन के आवश्यक कागजात लेकर ही सड़क पर दिखाई पड़ते हैं।



## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, विकास क्षेत्र अखण्डनगर सुलतानपुर

पत्रांक– 389/जर्जर भवन नीलामी/2022–23 दिनाँक : 27.02.2023

### नीलामी विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि कार्यालय जिला परियोजना – सर्व शिक्षा अभियान, सुलतानपुर के पत्रांक – सर्व शि.अभि./निर्माण/13669–76/2022–23 दिनांक 09.02.2023 एवं शासनादेश संख्या 885/68–05/2020 दिनांक 03.09.2020 के आदेश क्रम में परिषदीय प्रा0उ0प्र0/कम्पोजिट विद्यालयों, विकासखण्ड अखण्डनगर के जर्जर भवन/कक्षों की नीलामी की जानी है। जर्जर विद्यालयों की नीलामी हेतु न्यूनतम 03 आवेदन प्राप्त होना अनिवार्य है। 03 आवेदन से कम प्राप्त होने के दशा में नीलामी तिथि अग्रेतर बढ़ा दी जाएगी। नीलामी की समस्त कार्यवाही बी0आर0सी0 अखण्डनगर पर सम्पन्न होगी, जिसमें सम्बन्धित को स्वयं प्रतिभाग करना होगा। आवेदनकर्ता आवेदन के पूर्व सम्बन्धित विद्यालयों/भवनों का एक बार स्थलीय निरीक्षण अवश्य कर लें। जर्जर भवन वाले विद्यालयों का विवरण निम्नवत् है–

| क्र.सं. | विद्यालय का नाम | न्यूनतम मूल्यांकन धन (रू0) | निर्धारित धरोहर धन (रू0) | नीलामी तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कम्पोजिट अखण्डनगर | 927113.04 | 92711.300 | 13/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 2 | प्रा0वि0 अलाउद्दीनपुर | 539589.60 | 53958.96 | 13/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 3 | प्रा0वि0 अलीपुर | 484504.22 | 48450.42 | 13/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 4 | प्रा0वि0 बेरूका | 671853.00 | 67185.30 | 13/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 5 | प्रा0वि0 फरीदपुर | 485117.00 | 48511.70 | 13/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 6 | प्रा0वि0 गिधौना | 69492.60 | 6949.26 | 13/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 7 | प्रा0वि0 गोपालपुर | 649506.00 | 64950.60 | 13/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 8 | प्रा0वि0 कनकपुर | 679665.00 | 67966.50 | 13/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 9 | प्रा0वि0 कटैया मुरादाबाद | 203179.00 | 20317.90 | 13/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 10 | प्रा0वि0 लोकनाथपुर | 173807.20 | 17380.72 | 13/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 11 | प्रा0वि0 मीरपुर | 107698.00 | 10769.80 | 13/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 12 | प्रा0वि0 मोकलपुर | 743416.39 | 74341.64 | 13/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 13 | प्रा0वि0 पाराबासूपुर | 176166.02 | 17616.60 | 13/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 14 | प्रा0वि0 रूपईपुर | 239684.37 | 23968.44 | 13/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 15 | प्रा0वि0 सहतपुर | 466312.00 | 46631.20 | 13/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 16 | कम्पोजिट अनिरूद्धपुर | 470808.58 | 47080.86 | 13/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 17 | कम्पोजिट बलुआ | 507347.46 | 50734.75 | 13/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 18 | कम्पोजिट बेलवाई माधवपुर | 4163500.00 | 416350.00 | 13/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 19 | कम्पोजिट डोमापुर | 453064.00 | 45306.40 | 13/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 20 | कम्पोजिट कल्याणपुर | 7292392.96 | 729239.30 | 13/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 21 | कम्पोजिट मुरादाबाद | 34934.00 | 3493.40 | 13/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 22 | कम्पोजिट नगरी | 217185.00 | 21718.50 | 13/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 23 | कम्पोजिट नरायनपुर कला | 676818.00 | 67681.80 | 13/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 24 | कम्पोजिट रायपुर | 265707.00 | 26570.70 | 13/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 25 | कम्पोजिट सजमपुर | 263254.32 | 26325.43 | 14/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 26 | उ0प्रा0वि0 कैथी जलालपुर | 201362.00 | 20136.20 | 14/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 27 | प्रा0वि0 अहिरी फिरोजपुर 2 | 555385.20 | 55538.52 | 14/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 28 | प्रा0वि0 बहाउद्दीनपुर | 470808.58 | 47080.86 | 14/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 29 | प्रा0वि0 बरामदपुर | 199242.40 | 19924.24 | 14/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 30 | प्रा0वि0 बीरीहाजीपुर | 301520.67 | 30152.07 | 14/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 31 | प्रा0वि0 बडौरा | 7094725.12 | 709472.51 | 14/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 32 | प्रा0वि0 डौडी फरीदपुर | 655410.60 | 65541.06 | 14/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 33 | प्रा0वि0 ढेकहा मिश्रिरपुर | 353228.03 | 35322.80 | 14/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 34 | प्रा0वि0 गनपतगंज | 1005598.80 | 100559.88 | 14/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 35 | प्रा0वि0 घाटमपुर | 653746.00 | 65374.60 | 14/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 36 | प्रा0वि0 जौनरा | 738937.98 | 73893.80 | 14/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 37 | प्रा0वि0 कौथी जलालपुर | 225525.44 | 22552.54 | 14/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 38 | प्रा0वि0 कलान | 6915195.00 | 691519.50 | 14/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 39 | प्रा0वि0 कलान चौराहा | 679665.00 | 67966.50 | 14/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 40 | प्रा0वि0 कलवारी बांध | 3208168.65 | 320816.87 | 14/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 41 | प्रा0वि0 मौना | 738937.98 | 73893.80 | 14/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 42 | प्रा0वि0 नरवारी | 724782.08 | 72478.21 | 14/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 43 | प्रा0वि0 पड़लीपार | 717408.90 | 71740.89 | 14/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 44 | प्रा0वि0 प्रतापपुर | 440877.00 | 44087.70 | 14/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 45 | प्रा0वि0 रतनपुर | 11445840.00 | 1144584.00 | 14/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 46 | प्रा0वि0 सरैया मुबारकपुर | 674396.00 | 67439.60 | 14/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 47 | प्रा0वि0 सरावाँ | 720664.00 | 72066.40 | 14/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 48 | प्रा0वि0 सेल्हूपारा | 669127.00 | 66912.70 | 14/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 49 | प्रा0वि0 उनुरखा | 640876.20 | 64087.62 | 14/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |
| 50 | प्रा0वि0 प्रतापपुर | 362805.42 | 36280.542 | 14/03/2023 | 11:00am to 04:00pm |

जर्जर भवन नीलामी/ध्वस्तीकरण वाले विद्यालयों की सरकारी बोली मूल्यांकित धनराशि से प्रारम्भ होगी। नीलामी की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात नीलामी प्राप्तकर्ता को स्वयं के खर्चे पर मलवा एक सप्ताह के अन्दर समतल कराना होगा अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित की धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी और उसकी नीलामी प्रक्रिया स्वतः निरस्त हो जायेगी।

(शिवशंकर मिश्र)
खण्ड शिक्षा अधिकारी
अखण्डनगर, सुलतानपुर

## रिश्ता देखने आये लोगों ने खिलाया नशीला पदार्थ, उठा ले गये गहने व नगदी

संवाददाता।

सुल्तानपुर। रिश्ता देखने के लिये आए लोगों ने चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला। घरवालों को नशीला पदार्थ खिलाकर गहने व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। सुबह होने पर ग्रामीणों ने सभी को बेहोशी हाल में देखा तो पुलिस को सूचना दी। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां पर सभी का इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। दरअसल ये मामला चांदा कोतवाली क्षेत्र के बनभोकार गांव का है। गांव निवासी बद्री पाल के यहां शनिवार की शाम को रिश्ता लेकर कुछ लोग आये थे। उन्हें रात्रि विश्राम के लिया रोका गया। आने वाले इन लोगों ने सभी को मिठाई में नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर दिया। घर में मौजूद बद्री पाल उनकी पत्नी सरस्वती, उनका पुत्र रामजीत, पुत्रवधू रीना, पुत्री संगीता व नाती प्रियांश के बेहोश होने पर चोरों ने बेखौफ होकर घर में रखे गहने व नगदी को लेकर चंपत हो गए। सुबह जब परिवार के लोग नहीं उठे तो आसपास के लोगों ने देखा तो उनके होश उड़ गए। सभी बेहोशी की हालत में पड़े थे। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी तथा सभी को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां पर उनका इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। वही इस मामले में पीड़ित बद्री पाल ने बताया कि ये लोग जो घर पर आये थे ये दुबारा यहां आये। एक बार पहले भी आये थे लड़का देखने के लिये। अब इस बार आये तो ऐसा कर गये। बद्री ने बताया कि आने वाले लोग प्रतापगढ़ के पट्टी के रहने वाले थे। पुलिस पूरे मामले में जांच कर रही है।

## डिवाइडर से टकराकर पलटी पिकअप, 5 की हालत गंभीर

संवाददाता।

सुल्तानपुर। अयोध्या–रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर हलियापुर थानाक्षेत्र में बड़ा हादसा हुआ। तारकोल लेकर जा रही पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। सवार छह लोगों में से पांच को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है। जानकारी के अनुसार घटना हलियापुर थाना अंतर्गत पीएनसी कैम्प के लाला का पुरवा के निकट की है। गोंडा से तारकोल लेकर जगदीशपुर अमेठी जा रही पिकअप डिवाइडर से टकराई और पलट गई। पिकअप पर 6 लोग सवार थे उसमें से 5 गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें तत्काल नजदीक के ही निजी हॉस्पिटल में एम्बुलेंस से भिजवाया गया। वहां से सभी को अयोध्या जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। लेकिन इसी दौरान दूसरी पिकअप से घायलों के परिजन आये व उन सभी को जगदीशपुर लेकर चले गए। घटना स्थल पर खाली पिकअप पड़ी है।पांचों घायलों में बॉबी (16) पुत्र मोती लाल,आशिक (14) पुत्र विनोद, गुड्डू (17) पुत्र बुलाकी, प्रकाश (15) पुत्र अक्षय पाल व आकाश (14) पुत्र छब्बू सभी नाबालिग हैं। और अमेठी के जगदीशपुर थाना अंतर्गत गांधीनगर के निवासी हैं।

## कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत

संवाददाता।

रायबरेली।उत्तर प्रदेश लखनऊ रेंज के पूर्व पुलिस उपमहानिरीक्षक रहे उमेश कुमार श्रीवास्तव को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा (पूर्वी) का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम बार रायबरेली आगमन पर कायस्थ समाज के लोगों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि रायबरेली सहित उत्तर प्रदेश के 22 जिले कायस्थ बाहुल्य हैं, जहां का प्रतिनिधित्व कायस्थ समाज को मिलना चाहिए। कायस्थ समाज में, सामंजस्य स्थापित कर सबको साथ लेकर चलने की अपार क्षमता है। कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि बौद्धिक प्रतिभा के धनी कायस्थ समाज को सदैव एक साजिश के तहत हाशिए पर रखा जाता है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। कार्यक्रम का संचालन युवा अध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस मौके पर महासभा के प्रदेश महामंत्री ज्ञान प्रकाश अस्थाना ने बताया कि कायस्थ महासभा मे सक्रिय एवं आजीवन सदस्यता का अभियान चल रहा है, समाज का कोई भी व्यक्ति, कायस्थ महासभा का सक्रिय सदस्य बन सकता है। कार्यक्रम के दौरान दर्जनों कायस्थों ने सक्रिय सदस्यता भी ग्रहण किया। इस अवसर पर महासभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद निगम, मंत्री गौरव निगम, आशीष श्रीवास्तव, महिला जिला अध्यक्ष सीमा श्रीवास्तव ने भी समारोह को संबोधित किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का उद्घाटन संपन्न

जगदीशपुर ,अमेठी ।सप्त दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का उद्घाटन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर पधारे मुख्य अतिथि व सम्मानित विद्वानों ने अपने अपने विचार रखे ।जगदीशपुर जायस रोड पर स्थित राजा कान्ह पी जी कॉलेज जगेसर गंज जहां गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विशेष शिविर उद्घाटन के मौके पर पधारे मुख्य अतिथि विजय विक्रम सिंह पूर्वाचल विकास बोर्ड सदस्य ने बोलते हुए कहा कि विद्या हमारे जीवन का अमूल्य रत्न है विद्या अर्जित करके आज के बच्चे कल के भविष्य बनेगें कोई नेता तो कोई फौजी कोई डॉक्टर व आदि पद पर जाकर देश की सेवा करेगें ।वहीं विद्यालय प्रबंधक डॉक्टर एसपी सिंह ने कहा कि देश सेवा व वृद्धजन गुरूजन माता पिता की सेवा करना हमारा परम धर्म है समाज में फैली हुई

# पत्रकारों से मुखातिब सांसद लल्लू सिंह

## किसानों, महिलाओं को सशक्त व सक्षम बनाने कार्य करेगा बजट –लल्लू सिंह

संवाददाता।

अयोध्या। किसी देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती व नागरिकों की खुशी का मानक सतत विकास प्रक्रिया को माना जाता है। सतत विकास वह प्रक्रिया जो वर्तमान की अपेक्षाओं को पूरा करने के साथ आने वाली पीढ़ी की आवश्यकताओं को पूरा करने की क्षमता रखती है। केन्द्र सरकार के द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट वर्तमान की हर अपेक्षा को पूरा करने साथ आने वाली पीढ़ी की आवश्यकताओं को पूरा करने की क्षमता रखता है। भारत के अमृतकाल की शुरुवात का यह पहला बजट अगले 25 वर्षो की दिशा तय कर रहा है। उक्त विचार सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में सांसद लल्लू सिंह ने व्यक्त किया। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में यह बजट विकसित भारत के विराट संकल्पों को पूरा करने के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण करेगा। बजट गरीबों, वंचितों, किसानों, महिलाओं को सशक्त व सक्षम बनाने कार्य करेगा। निम्न, मध्यम व उच्च वर्ग के साथ युवाओं को सपनों को पूरा करेगा। बजट में सप्तर्षि प्राथमिकताएं निध ारित की गयी है। जिसमें समावेशी विकास, लास्ट माइल डिलीवरी, बुनियादी ढांचा और निवेश, क्षमता को उजागर करना, हरित विकास, युवा और वित्तीय क्षेत्र की मजबूती है। प्रध ाानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत अगले साल तक सभी अंत्योदय और प्राथमिकता वाले परिवारों को मुफ्त खाद्यान्न की आपूर्ति की जायेगी। सरकार के इसके तहत 2 लाख करोड़ रुपये खर्च होंगे। पीएम आवास योजना के तहत वर्तमान बजटीय परिव्यय को मोदी सरकार के द्वारा 66 प्रतिशत बढ़ाकर 79,000 करोड़ कर दिया गया है। सरकार पिछले 7 वर्षो में 2.79 करोड़ घरो का निर्माण करने में सफल रही है। महिला सम्मान बचत योजना महिला सशक्तिकरण के बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से महिलाओं को अल्पकालिक बचत को लेकर जागरुक करेगी। उन्होंने कहा कि इस बजट में सरकार ने शिक्षा क्षेत्र के लिए 1,12,898 करोड़ रुपये आवंटित किये है। जो शिक्षा मंत्रालय को दिया गया अब तक का सबसे अधिक आवंटन है। बढ़ा हुआ बजट राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तेजी से क्रियान्वयन को सुनिश्चित करेगा जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नये भारत के सपनों को साकार करने में मद्द करेगा। प्रध ाानमंत्री कौशल विकास योजना 4, युवाओं के लिए डीबीटी योजनाएं, 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, युनिफाईड स्किल इंडिया डिजिटल प्लेटफार्म युवाओं के सपनों को पूरा करेगा। 50 पयर्टन स्थलों की पहचान की जायेगी। घरेलू और अंतराष्ट्रीय पयर्टन को सम्पूर्ण पैकेज के रुप में विकससित किया जायेगा। किसानों के हितों की रक्षा हेतु कृषि ऋण का लक्ष्य 11 प्रतिशत बढ़ाकर 20 लाख करोड़ किया गया। इससे कृषि एवं कृषि सम्बंधित क्षेत्रों के व्यापक विकास में मद्द मिलेगी। बजट में व्यवसायिक खेती पर विशेष ध्यान दिया गया है। जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए बजट में पचास हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की सहायता प्रदान की गयी है। 10,000 करोड़ रुपये गोबरधन योजना के लिए आवंटित किये गये है जो देशभर में 500 बायोगैस संयंत्र स्थापित करेगी। जिससे डेयरी किसानों की आय स्तर में काफी वृद्धि होगी। यह बजट भारतीय रेलवे को विश्वस्तरीय बनाने की पृष्ठभूमि तैयार कर रहा है। सरकार ने भारतीय रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ का प्रस्ताव दिया है। यह 2013–14 में किये गये 26 हजार करोड़ के परिव्यय से 9 गुना अधिक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में सर्वस्पर्शी, सर्व समावेशी व देश के सर्वांगीण कल्याण के प्रति समर्पित इस आम बजट को प्रस्तुत करने वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण एवं उनकी पूरी टीम को रामराज्य की परिकल्पना को वैश्विक स्तर पर प्रसारित करने वाली अयोध्या के साधु संतो आम नागरिकों की तरफ से धन्यवाद व हार्दिक अभिनन्दन। प्रेसवार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा मौजूद रहे।

## ब्लाक सभागार में चल रहा छः दिवसीय जल जीवन मिशन का प्रशिक्षण

शाहगढ,अमेठी । जल ही जीवन हैं, हर घर नल हर घर स्वच्छ जल पर सरकार बड़ी ही तेजी कार्य कर रही हैं। जो हर गांव, हर घर तक जल पहुंचाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। पानी मानव जीवन के लिए बहुत ही अहम हैं। पानी का संचय भी जरूरी होता हैं। दूषित जल पीने से लोगों में तरह तरह की बीमारियां और संक्रमण फैल रहा हैं। इसको गम्भीरता से लेते हुए केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार ने जल जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण योजना राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की देखरेख में योजना चला रही हैं। मिशन के तहत प्रदेश के चिन्हित जिलों में इस पर कार्य शुरू किया गया, उन जिलों में सफलता मिल जाने पर इसे प्रदेश के बाकी जिलों में लागू कर काम चालू कर दिया गया। गौरतलब हो कि विकास खंड में 39 ग्राम सभाएं हैं। सरकार हर ग्राम सभा में जनता को स्वच्छ पानी पहुंचाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। जिसके तहत हर ग्राम सभा में पानी की टंकी का निर्माण कराने का कार्य कर रही हैं। इसके रखरखाव के लिए 2 पम्प ऑपरेटर, 3 राज मिस्त्री, 2 इलेक्ट्रीशियन, 2 मोटर मैकेनिक, 2 प्लम्बर व 2 फिटर की जरूरत पड़ती हैं। इसमें ग्राम सभा के युवाओं को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा हैं। यह छः दिवसीय प्रशिक्षण 22 फरवरी से शुरू होकर 27 फरवरी को समाप्त होगा। चार ट्रेडो का प्रशिक्षण हो चुका हैं। और प्लम्बर व फिटर का प्रशिक्षण हो रहा हैं। प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्र और टूल किट का वितरण किया जाता हैं। प्रशिक्षण में राज्य प्रशिक्षक राम प्रकाश, कॉर्डिनेटर राजकमल सिंह, शिवम सिंह, राघव, आशुतोष, ट्रेनर राकेश कुमार ने दिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान हनुमान प्रसाद यादव, राधे प्रधान, शिव दर्शन यादव, राकेश श्रीवास्तव, जसवंत यादव आदि मौजूद रहे।

## इन्हौना महराजगंज मार्ग के निर्माण के लिये सत्ताइस करोड़ रुपये का बजट जारी

संवाददाता।

तिलोई ,अमेठी ।विधानसभा क्षेत्र तिलोई के कस्बा इन्हौना से महाराजगंज मार्ग दो जनपदों के साथ ही दो लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग पर है लेकिन यह सड़क अनवरत कई वर्षो से गड्ढों में ही तब्दील रही और मरम्मत के लिये आई धनराशि का जमकर बंदरबांट होता रहा क्योंकि यह मार्ग दो जनपदों के पेंच में सदैव उलझी रही। उत्तर प्रदेश के विधानसभा सत्र में राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने उक्त सड़क निर्माण की मांग रखी जिसका संज्ञान लेते हुये सूबे की सरकार ने सत्ताइस करोड़ का बजट पास कर दिया है। इसकी जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय नागरिकों के साथ ही जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के साथ ही राज्यमंत्री के प्रति आभार जताया है।तिलोई विधानसभा क्षेत्र के कस्बा इन्हौना से महराजगंज की दूरी साढ़े सत्ताइस किलोमीटर है जिसमें से लगभग सोलह किलोमीटर तिलोई क्षेत्र की सीमा में आता है। इस क्षेत्र के नागरिकों को जनपद न्यायालय के लिये इसी मार्ग से जाना पड़ता है।बताते चलें कि इन्हौना महाराजगंज मार्ग बीते कई वर्षो से जर्जर है और यह सड़क आज भी राहगीरों के चलने लायक नही बन सकी है जबकि गड्ढा मुक्त अभियान के तहत लाखों रुपया खानापूर्ति कर ठिकाने लगा दिया गया है। शनिवार को विधानसभा सत्र के दौरान प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री एव क्षेत्रीय विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने सड़क सड़क निर्माण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया और सूबे की सरकार ने सड़क निर्माण के बाबत उसी दिन बजट को मंजूरी प्रदान कर दी है।

# पाकिस्तान के बलूचिस्तान में हुआ जोरदार धमाका, चार लोगों की मौत और 10 घायल



घटना के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं, जिनकी पुष्टि नहीं की जा सकती। इन वीडियो में कार्यकर्ताओं को खून से लथपथ पीड़ितों को कथित घटनास्थल से ले जाते हुए देखा जा सकता है और आसपास भारी भीड़ दिख रही है। पेशावर। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में रविवार सुबह एक बाजार में हुए विस्फोट में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई जबकि 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। बरखान के उपायुक्त अब्दुल्ला खोसो ने कहा कि धमाका राखनी बाजार इलाके में मोटरसाइकिल में लगा इंप्रोवाइज्ड एक्स्प्लोसिव डिवाइस (आईईडी) फटने से हुआ। बरखान के थाना प्रभारी सज्जाद अफजाल ने कहा कि घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारी ने कहा कि पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है और आगे की जांच के लिए इलाके की घेराबंदी की गई है। घटना के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं जिनकी पुष्टि नहीं की जा सकती। इन वीडियो में कार्यकर्ताओं को खून से लथपथ पीड़ितों को कथित घटनास्थल से ले जाते हुए देखा जा सकता है और आसपास भारी भीड़ दिख रही है। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर अब्दुल कुद्दूस बिजेन्जो ने विस्फोट की निंदा की है और अधिकारियों को दोषियों को गिरफ्तार करने के लिए हर संभव कदम उठाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा, "निर्दोष लोगों का खून बहाने वाले मानवता के दुश्मन हैं।" इस बीच, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी विस्फोट की निंदा की और मुख्यमंत्री से रिपोर्ट मांगी है।

# चीन ने पाकिस्तान को 70 करोड़ डालर दिए

वित्त मंत्री इशाक डार ने सोशल मीडिया पर इसकी पुष्टि की। डार ने ट्वीट किया, स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान को चाइना डेवलपमेंट बैंक से आज 70 करोड़ डॉलर का फंड मिला। जिसके बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने विशेष मित्र के प्रति आभार व्यक्त किया। आर्थिक सहायता के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ बातचीत को अंतिम रूप देने से पहले पाकिस्तान को चीन से 70 करोड़ अमेरिकी डॉलर की बहुप्रतीक्षित सहायता राशि मिली। वित्त मंत्री इशाक डार ने सोशल मीडिया पर इसकी पुष्टि की। डार ने ट्वीट किया, स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान को चाइना डेवलपमेंट बैंक से आज 70 करोड़ डॉलर का फंड मिला। जिसके बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने विशेष मित्र के प्रति आभार व्यक्त किया। सुरक्षा बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, पाकिस्तान का एक सहयोगी देश है, हम सभी सोच रहे थे कि वे आईएमएफ समझौते की प्रतीक्षा कर रहे थे और फिर वे अपनी भूमिका निभाएंगे लेकिन उस सहयोगी देश ने कुछ दिन पहले हमें बताया कि हम आपको सीधे तौर पर वित्तीय मदद दे रहे हैं'। इन बातों को कभी नहीं भुलाया जा सकता है। पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार, जो कुछ सप्ताह पहले 2.9 अरब अमेरिकी डॉलर के निम्न स्तर तक गिर गया था, अब बढ़कर 4 अरब अमेरिकी डॉलर के करीब पहुंच गया है।



# वाइडेन भारत मेंजी 20 के विदेश मंत्रियों व क्वाड की बैठकों, रायसीना वार्ता में हिस्सा लेंगे

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भारत ने पिछले साल एक दिसंबर को जी–20 समूह की अध्यक्षता संभाली है। शीर्ष अमेरिकी राजनयिक एक मार्च से तीन मार्च तक नयी दिल्ली की तीन–दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन अगले सप्ताह अपनी भारत यात्रा के दौरान 'रायसीना वार्ता' में भाग लेने के अलावा जी–20 समूह के विदेश मंत्रियों और क्वाड की महत्वपूर्ण बैठक में हिस्सा लेंगे, साथ ही वह अपने भारतीय समकक्ष विदेश मंत्री एस. जयशंकर से द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भारत ने पिछले साल एक दिसंबर को जी–20 समूह की अध्यक्षता संभाली है। शीर्ष अमेरिकी राजनयिक एक मार्च से तीन मार्च तक नयी दिल्ली की तीन–दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। आर्थिक एवं कारोबारी मामलों के सहायक विदेश मंत्री रामिन टोलौई ने यहां संवाददाताओं से कहा, "भारत की जी–20 की अध्यक्षता वर्ष के तहत ब्लिंकन दिल्ली की यात्रा को लेकर आशान्वित हैं। भारत की जी–20 की अध्यक्षता को सफल बनाने और इस उद्देश्य से उसके कार्य में हरसंभव मदद को लेकर हम आशान्वित हैं। साझा चुनौतियों की कोई कमी नहीं है और इनके समाधान के लिए हम अन्य जी–20 सदस्य देशों के साथ अपनी भागीदारी प्रगाढ़ करना चाहते हैं।" दक्षिण एवं मध्य एशिया के लिए सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने कहा कि विदेश मंत्री नयी दिल्ली में अपने प्रवास के दौरान अपने भारतीय समकक्ष एस. जयशंकर से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा, "वे हमारे रणनीतिक सहयोग और साझेदारी के बारे में बात करेंगे, लेकिन इस बात पर भी ध्यान केंद्रित करेंगे कि एशियाई क्वाड में हम कैसे काम कर रहे हैं, हम रक्षा सहयोग पर क्या कर रहे हैं तथा व्हाइट हाउस एवं प्रधानमंत्री कार्यालय से चलाए जा रहे महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए क्या पहल कर रहे हैं।" लू ने कहा, "तीन मार्च को अमेरिकी विदेश मंत्री एशियाई क्वाड देशों – अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों की बैठक में भी भाग लेंगे।" उन्होंने कहा कि क्वाड मंत्री–स्तरीय बैठक के बाद ब्लिंकन 'रायसीना वार्ता' में पैनल चर्चा में हिस्सा लेंगे। लू ने कहा कि क्वाड बैठक के दौरान कई अहम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। यात्रा का ब्योरा देते हुए टोलोई ने कहा कि जी–20 का उद्देश्य साझा चुनौतियों से निपटने में दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को एकसाथ



लाना है। उन्होंने कहा, "हम खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा, जलवायु संकट, विकास, मानवीय चुनौतियों और अवैध मादक पदार्थों के प्रसार जैसे अन्य मुद्दों पर चर्चा करेंगे, जिनके लिए अंतरराष्ट्रीय समन्वय की आवश्यकता है। भारत–रूस संबंधों पर एक सवाल का जवाब देते हुए लू ने आशा व्यक्त की कि भारत इस संघर्ष को समाप्त करने के लिए रूस के साथ अपने प्रभाव का उपयोग करेगा और जैसा कि विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा है, भारत संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों के अनुसार क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का पालन करते हुए संघर्ष का अंत करने में मदद करेगा।" लू ने कहा, "हमने पहले भी कहा है कि विदेश मंत्री ब्लिंकन ने कहा है कि शीतयुद्ध के समय से भारत का रूस के साथ संबंध का एक लंबा एवं जटिल इतिहास रहा है, जो कई दशकों से गहरा और निरंतर बना हुआ है।

# भारतीय सेना के साथ संबंध विकसित करने, बढ़ावा देने को लेकर आशान्वित हैं

पेंटागन के प्रेस सचिव ब्रिगेडियर जनरल पैट राइडर ने शुक्रवार को संवददाता सम्मेलन में कहा, "भारत और अमेरिका के बीच बेहतर भागीदारी हैं। हम भारतीय सेना के साथ संबंध विकसित करने और उसे निरंतर बढ़ाने को लेकर आशान्वित हैं।" अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन ने कहा है कि अमेरिका भारतीय सेना के साथ संबंध विकसित करने और उसे बढ़ावा देने को लेकर आशान्वित है। पेंटागन के प्रेस सचिव ब्रिगेडियर जनरल पैट राइडर ने शुक्रवार को संवददाता सम्मेलन में कहा, "भारत और अमेरिका के बीच बेहतर भागीदारी हैं। हम भारतीय सेना के साथ संबंध विकसित करने और उसे निरंतर बढ़ाने को लेकर आशान्वित हैं।" वर्ष 1997 में भारत और अमेरिका के बीच रक्षा कारोबार लगभग शून्य था, लेकिन आज यह 20 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का हो गया है। राइडर ने पिछले महीने भी एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि भारत उन देशों का एक "बेहतर उदाहरण" है, जिन्होंने अमेरिका से सुरक्षा सहयोग का चयन किया है, जो यह रेखांकित करता है कि वह (भारत) रूस से दूरी बनाने के लिए किसी भी प्रतिक्रिया को तैयार है। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की निंदा करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के मतदान से दूर रहने का विकल्प चुनने पर भारत को रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक दोनों दलों के सांसदों की आलोचना का सामना करना पड़ा है। अमेरिकी अधिकारियों ने भारत द्वारा रूस से एस–400 मिसाइल प्रणाली की खरीद पर भी चिंता जताई है।




# पाकिस्तान ने वाहनों की आवाजाही के लिए अफगानिस्तान से लगी तोरखम सीमा खोली

तोरखम सीमा क्रॉसिंग मध्य एशियाईदेशों से व्यापार के लिए पाकिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर पाकिस्तानी तालिबान आतंकवादियों को सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराने का आरोप लगाया था, जिसके चलते रविवार को अफगानिस्तान ने तोरखम सीमा बंद कर दी थी। पाकिस्तान ने शनिवार को वाहनों के आवागमन के लिए तोरखम सीमा फिर से खोल दी, जिससे साथ ही छह दिन से वहां फंसे 7,000 से अधिक ट्रकों को आवाजाही की अनुमति मिल गई।

तोरखम सीमा क्रॉसिंग मध्य एशियाईदेशों से व्यापार के लिए पाकिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर पाकिस्तानी तालिबान आतंकवादियों को सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराने का आरोप लगाया था, जिसके चलते रविवार को अफगानिस्तान ने तोरखम सीमा बंद कर दी थी। इससे पहले, पाकिस्तान सरकार ने केवल पदयात्रियों के लिए तोरखम सीमा फिर से खोल दी थी, जबकि सब्जियों, कुक्कुट (पोल्ट्री) और अंडे जैसी खराब होने वाली वस्तुओं से लदे 7,000 से अधिक ट्रक फंसे हुए थे।

# Biden हैं तैयार अगले राष्ट्रपति चुनाव के लिए पत्नी जिल बाइडन का संकेत

वैसे तो जो बाइडन काफी पहले ही कह चुके हैं कि उनका राष्ट्रपति चुनाव में फिर से उतरने का इरादा है लेकिन उन्होंने अबतक इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की है। अमेरिका की पहली महिला नागरिक (राष्ट्रपति की पत्नी) जिल बाइडन ने बिल्कुल स्पष्ट संकेत दिया है कि राष्ट्रपति जो बाइडन दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव में उतरेंगे। उन्होंने एसोसिएटेड प्रेस को एक खास साक्षात्कार में इस बात का संकेत दिया। वैसे तो जो बाइडन काफी पहले ही कह चुके हैं कि उनका राष्ट्रपति चुनाव में फिर से उतरने का इरादा है लेकिन उन्होंने अबतक इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की है। वैसे उन्होंने इन प्रश्नों को ज्यादा तवज्जो नहीं दी है कि क्या वह राष्ट्रपति पद पर बने रहने के लिए बहुत बुजुर्ग हो गये हैं। वह दूसरे कार्यकाल के आखिर तक 86 साल के हो जायेंगे। जिल बाइडन ने कहा, "वह (जो बाइडन) कहते हैं कि उन्होंने अपना सफर पूरा नहीं किया है।" जिल बाइडन अफ्रीका की पांच दिवसीय यात्रा के तहत दूसरे एवं आखिरी पड़ाव में नैरोबी में थीं। जिल बाइडन ने कहा, "उन्हें कितनी बार कहना होगा ताकि आपको विश्वास हो।" बाइडन के सहयोगियों का कहना है कि प्रथम चंदा संग्रहण दौर के समापन के बाद अप्रैल में यह घोषणा की जा सकती है। बताया जाता है कि प्रथम महिला की राष्ट्रपति बाइडन के भावी कार्यक्रम के संदर्भ में अहम भूमिका रहती है। जिल बाइडन ने हंसते हुए कहा, "(इसीलिए) क्योंकि मैं उनकी पत्नी हूं।" हालांकि उन्होंने इस सवाल को खारिज कर दिया कि राष्ट्रपति पद के लिए पुनरू चुनाव में उतरा जाए, इस विषय में उनका निर्णायक अहम होगा।

# भारत स्पिनरों के खिलाफ अपने फुटवर्क से संतुष्ठ हेड इंदौर में भी करेंगे आक्रामक बल्लेबाजी

ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टेस्ट तीन के दिन के अंदर हार का सामना करना पड़ा था और टीम रविवार को मैच खत्म होने के बाद यही रुकी



रही। कोहनी में फ्रैक्चर के कारण सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर स्वदेश लौट गये हैं ऐसे में एक मार्च से इंदौर में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में उस्मान ख्वाजा के साथ हेड पारी का आगाज करेंगे। ऑस्ट्रेलिया के वामहस्त बल्लेबाज ट्रेविस हेड एक मार्च से इंदौर में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में भारतीय स्पिनरों के खिलाफ आक्रामक रवैया बनाये रखने का फैसला किया है। ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टेस्ट तीन के दिन के अंदर हार का सामना करना पड़ा था और टीम रविवार को मैच खत्म होने के बाद यही रुकी रही। कोहनी में फ्रैक्चर के कारण सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर स्वदेश लौट गये हैं ऐसे में एक मार्च से इंदौर में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में उस्मान ख्वाजा के साथ हेड पारी का आगाज करेंगे। वह नागपुर में खेले गए श्रृंखला के पहले टेस्ट में टीम का हिस्सा नहीं थे। नागपुर मे अंतिम एकादश में जगह नहीं मिलने के बारे में पूछे जाने पर हेड ने कहा, '' यह कुछ ऐसा था जिसकी यहां आने के बाद मुझे उम्मीद नहीं थी।'' उन्होंने कहा, '' इसको लेकर काफी चर्चा हुई। इस पर सबके अलग–अलग मत हैं। मैं कोचिंग स्टाफ और चयनकर्ताओं का सम्मान करता हूं। मेरा उनके साथ काफी मजबूत रिश्ता है।'' उन्होंने कहा, '' मैच शुरू होने के अगले दिन मैंने खुद से कहा कि मैं अब भी दौरे पर हूं और ऑस्ट्रेलिया के लिए खेल रहा हूं। मैं अब भी वहीं कर रहा हूं जो मुझे पसंद है। मैं प्रतिस्पर्धा करना और खेलना पसंद करता हूं। लेकिन एक और तरीका है जिससे मैं खिलाड़ियों का समर्थन कर सकता हूं और अपने मौके की बेहतर तैयारी कर सकता हूं। मुझे अब भी लगता है कि मैं एक बेहतरीन जगह पर हूं। यह सिर्फ एक सप्ताह था जो मेरे मुताबिक नहीं रहा।'' टेस्ट मैच में पहली बार पारी का आगाज करते हुए हेड ने आक्रामक बल्लेबाजी की और मैच के दूसरे दिन भारतीय स्पिनरों को दबाव में ला दिया। तीसरे दिन का खेल शुरू होने के बाद पहली ही गेंद पर उनके आउट होने के बाद भारत ने मैच पर शिकंजा कस दिया। ऑस्ट्रेलिया ने 52 रन के अंदर नौ विकेट गंवा दिये। हेड ने कहा कि कोटला में दूसरी पारी में 43 रन बनाकर उनका काफी आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा, ''वे बेहद कुशल गेंदबाज हैं, लेकिन जिस तरह से मैं कदमों का इस्तेमाल कर आगे और पीछे जा रहा था उससे मैं वास्तव में खुश था। यह एक छोटी सी झलक थी लेकिन कई बार छोटे नमूने काफी हौसला बढ़ाने वाले होते है। ऑस्ट्रेलिया की टीम चार मैचों की श्रृंखला में 0–2 से पीछे है और हेड ने भी माना कि श्रृंखला में वापसी के लिए उनकी टीम को कड़ी मेहनत करनी होगी। उन्होंने कहा, '' हमारी टीम काफी मजबूत और एकजुट है। मैच के दौरान ऐसा समय होगा जब हमारी स्थिति मजबूत नहीं होगी लेकिन इससे निपटना होगा। आप जैसा चाहते है वैसी परिस्थियां नहीं होंगी'' उन्होंने कहा, '' हमरे लिए अगले दो सप्ताह में हालांकि यह चुनौती की होगा। हमें यह देखना होगा कि कैसे लय हासिल करे और फिर उस पर पकड़ बनाये। दर्शकों के भरे स्टेडियम में शोर के बीच खुद का समर्थन करना होगा।'' कप्तान पैट कमिंस अपनी बीमार मां के साथ रहने के लिए घर वापस चले गए हैं और तीसरे टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे। हेड ने कहा कि परिस्थितियों को देखते हुए कमिंस का ऑस्ट्रेलिया में रहना अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ''हम एक करीबी समूह हैं, इसलिए बहुत सारे लोगों ने उससे बातचीत की है। यहाँ (टीम में) उनके बहुत करीबी दोस्त हैं और उसके लिए यह मुश्किल समय है।'' हेड ने कहा, '' जीवन क्रिकेट से बड़ी चीज है और इस समय उसका घर पर रहना यहां रहने से ज्यादा जरूरी है। हम एक टीम के रूप में उसका समर्थन करते है और किसी की गैरमौजूदगी में आगे बढ़ने के तरीके ढूंढते हैं।

## रहाणे से बातचीत से मिली थी स्पिनरों को खेलने की मदद हैंड्सकाम्ब

इंदौर। श्रृंखला के शुरुआती दो मैचों में हार से बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी गंवाने के बाद भी ऑस्ट्रेलिया के खेमे में सकारात्मकता है। ऑस्ट्रेलिया के मध्यक्रम के बल्लेबाज पीटर हैंड्सकॉम्ब ने भारत के पूर्व उप–कप्तान अजिंक्य रहाणे के साथ उस बातचीत को याद किया जिससे उन्हें उपमहाद्वीप में स्पिन गेंदबाजी का सामना करने में मदद की। ऑस्ट्रेलिया के मध्यक्रम के बल्लेबाज पीटर हैंड्सकॉम्ब ने भारत के पूर्व उप–कप्तान अजिंक्य रहाणे के साथ उस बातचीत को याद किया जिससे उन्हें उपमहाद्वीप में स्पिन गेंदबाजी का सामना करने में मदद की। हैंड्सकॉम्ब ने 2016 में आईपीएल के दौरान रहाणे के साथ ड्रेसिंग रूम साझा किया था। रहाणे ने इस दौरान हैंड्सकॉम्ब को स्पिनरों को बल्लेबाजी के दौरान पैर और कलाई के उपयोग करने के बारे में बताया था।

# दक्षिण अफ्रीका के स्वप्निल अभियान की राह में खड़ा है अजेय

दक्षिण अफ्रीका ने सेमीफाइनल में अपनी जुझारूपन का बेजोड़ नमूना पेश करके इंग्लैंड को उलटफेर का शिकार बनाया और उसे आस्ट्रेलिया पर जीत दर्ज करने के लिए इसी तरह के प्रदर्शन की जरूरत पड़ेगी। दक्षिण अफ्रीका को अगर अपने स्वप्निल अभियान का सकारात्मक अंत करना है तो उसे रविवार को यहां होने वाले महिला टी20 विश्व कप फाइनल में अब तक अजेय रहे आस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती से पार पाने का तरीका ढूंढना होगा। दक्षिण अफ्रीका ने सेमीफाइनल में अपनी जुझारूपन का बेजोड़ नमूना पेश करके इंग्लैंड को उलटफेर का शिकार बनाया और उसे आस्ट्रेलिया पर जीत दर्ज करने के लिए इसी तरह के प्रदर्शन की जरूरत पड़ेगी।ऑस्ट्रेलिया को हराना किसी भी तरह से आसान नहीं होगा। वह रिकॉर्ड पांच बार का चौंपियन है और लगातार सातवीं बार फाइनल में पहुंचा है। दक्षिण अफ्रीका ने पिछले 12 महीनों में अच्छी प्रगति की है। उसकी टीम पिछले साल वनडे विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंची थी और अब उसने आईसीसी की किसी प्रतियोगिता के फाइनल में पहली बार जगह बनाई है। लौरा वूलफार्ट और ताजमिन ब्रिट्स के रूप में दक्षिण अफ्रीका के पास सर्वश्रेष्ठ सलामी जोड़ी है। ब्रिट्स भाला फेंक में पूर्व जूनियर विश्व चौंपियन है लेकिन 2012 में कार दुर्घटना के कारण उनका ओलंपिक में खेलने का सपना टूट गया था। दक्षिण अफ्रीका की यह सलामी जोड़ी अभी शानदार फॉर्म में हैं और अगर उनकी टीम को ऑस्ट्रेलिया को हराना है तो फिर इन दोनों को उसे अच्छी शुरुआत देनी होगी।

ऑस्ट्रेलिया की टीम भारत को रोमांचक मुकाबले में हराकर फाइनल में पहुंची थी। ऑल राउंडर मारिजन कैप अन्य महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं जिन्होंने सेमीफाइनल में अंतिम ओवरों में तेजी से रन बटोरे थे। कप्तान सुने लुस को लगता है क्यों उनके पास दुनिया का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण है जिसमें शबनिम इस्माइल और अयाबोंगा खाका के रूप में दो उपयोगी तेज गेंदबाज हैं। दक्षिण अफ्रीका को फाइनल में दर्शकों का भी अपार समर्थन मिलेगा लेकिन उसके खिलाड़ियों को किसी तरह से दबाव में आने से बचना होगा। ऑस्ट्रेलिया ने लीग चरण में दक्षिण अफ्रीका को आसानी से हराया था लेकिन खिताबी मुकाबले में वह किसी भी तरह से ढिलाई नहीं बरतना चाहेगा। महिला क्रिकेट की सबसे सफल टीम ऑस्ट्रेलिया के पास खेल के हर विभाग में दमदार खिलाड़ी हैं। सेमीफाइनल में उसने जिस तरह से भारत के मुंह से जीत छीनी उससे साबित हो गया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी गेंद पड़ने तक भी अपनी जीत तय नहीं माननी चाहिए। जब परिस्थितियां अनुकूल न हों तब भी जीत कैसे दर्ज करनी होती है यह मेग लैनिंग की अगुवाई वाली टीम अच्छी तरह से जानती है। टीम इस प्रकार हैं ऑस्ट्रेलियारू मेग लैनिंग (कप्तान), एलिसा हीली, डार्सी ब्राउन, एशलीग गार्डनर, किम गर्थ, हीथर ग्राहम, ग्रेस हैरिस, जेस जोनासेन, अलाना किंग, ताहलिया मैकग्रा, बेथ मूनी, एलिसे पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड और जॉर्जिया वेयरहम। दक्षिण अफ्रीकारू सुने लुस (कप्तान), एनेरी डर्कसेन, मारिजन कैप, लारा गुडॉल, अयाबोंगा खाका, क्लो ट्रायोन, नादिन डी क्लार्क, शबनिम इस्माइल, ताजमिन ब्रिट्स, मसाबाटा क्लास, लौरा वूलफार्ट, सिनालो जाफ्ता, नॉनकुलुलेको म्लाबा, एनेके बॉश और डेल्मी टकर। मैच भारतीय समयानुसार शाम 6.30 बजे शुरू होगा।

# रात के समय होती है सिर में खुजली ? इन तरीकों पाएं छुटकारा

यदि रात में सिर में खुजली होना आपके लिए एक सामान्य है तो आपको बता दें कि यह स्थिति जल्दी से अधिक गंभीर हो सकती है। स्कैल्प को तेजी से खुजलने से बालों के रोमछिद्रों को नुकसान हो सकता है और बालों के टूटने और झड़ने का कारण बन सकता है। आइए आज हम आपको रात में होने वाली सिर की खुजली को दूर करने के लिए 5 तरीके बताते हैं। सेब के सिरके का करें इस्तेमालसेब का सिरका अपने एंटी–माइक्रोबियल, एंटी–इंफ्लेमेटरी और एंटी–फंगल गुणों के लिए जाना जाता है, जो सिर की खुजली को कम करने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए एक स्प्रे बोतल को आधा सेब का सिरका और आधा पानी भर लें। इसके बाद इसे अच्छी तरह मिलाकर स्टोर कर लें। जब भी आपकी स्कैल्प में खुजली हो तो इस मिश्रण का इस्तेमाल करें। हालांकि, इस मिश्रण के इस्तेमाल से पहले त्वचा पर पैच टेस्ट जरूर करें।पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल करेगा मददपेपरमिंट एसेंशियल ऑयल का स्कैल्प पर ठंडा प्रभाव पड़ता है, जो सिर की खुजली को दूर करने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए पेपरमिंट एसेंशिल ऑयल की 2 बूंदें और नारियल या जैतून के तेल की 5 बूंदें मिलाकर सिर में लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। 20 मिनट बाद सिर को पहले शैंपू से साफ करें और फिर इस पर कंडीशनर का इस्तेमाल करें। इससे आपको खुजली से तत्काल राहत मिलेगी। टी ट्री ऑयल भी है प्रभावी



टी ट्री ऑयल में एंटी–इंफ्लेमेटरी प्रभाव होता है। यह स्कैल्प की खुजली या जलन को कम करने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए टी ट्री ऑयल की 5–10 बूंदों को मीठे बादाम या जोजोबा तेल की 10 बूंदों के साथ मिलाएं और इसे अपने सिर में लगाकर हल्के हाथों से मालिश करें। कुछ देर बाद सिर धो लें। वैकल्पिक रूप से आप टी ट्री ऑयल वाले शैंपू और अन्य उत्पादों का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।लैवेंडर का तेल भी है कारगरलैवेंडर का तेल सिर की खुजली और स्कैल्प का रूखापन दूर करने में काफी मदद कर सकता है। लाभ के लिए लैवेंडर के तेल की 2 बूंदों को जैतून के तेल की 5 बूंदों के साथ मिलाएं और इस मिश्रण को अपने बालों और स्कैल्प पर लगाकर मालिश करें। 20 से 30 मिनट के बाद अपने सिर को शैंपू और कंडीशनर से धो लें। हफ्ते में 2 बार इस उपाय को दोहराएं।मेडिटेशन करेंकई शोध के मुताबिक, मेडिटेशन चिंता और तनाव को कम कर सकता है। इससे सिर की खुजली को दूर करने में काफी मदद मिलती है। इसलिए आप रात में अपने स्कैल्प को खुजली से बचाने के लिए मेडिटेशन भी आजमा सकते हैं, लेकिन यदि खुजली बनी रहती है तो पूर्ण उपचार के विकल्पों के लिए

# टीकू वेड्स शेरू के लिए करना होगा इंतजार, प्राइम वीडियो ने लिया रिलीज टालने का फैसला

कंगना रनौत की टीकू वेड्स शेरू पिछले काफी समय से सुर्खियों में है। यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि यह कंगना के होम प्रोडक्शन की पहली फिल्म है और इसमें अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिका निभाने वाले हैं। काफी समय से दर्शक इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे थे। हालांकि, अभी लोगों को इसकी रिलीज के लिए और इंतजार करना पड़ेगा। रिपोर्ट के अनुसार, अमेजन प्राइम वीडियो ने टीकू वेड्स शेरू की रिलीज टालने का फैसला किया है। इस खबर की पुष्टि करते हुए एक करीबी सूत्र ने कहा, इस साल की शुरुआत में अमेजन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की थी, जहां उन्होंने 2023 में रिलीज होने वाले शो और फिल्मों की घोषणा की थी, जिसमें से एक टीकू वेड्स शेरू भी थी। हालांकि, अब नवाज अपनी निजी जिंदगी में जिन मुद्दों का सामना कर रहे हैं, उन्हें ध्यान में रखते हुए अमेजन ने रिलीज को टालने का फैसला किया है। गौरतलब है कि नवाजुद्दीन और उनकी पत्नी आलिया के बीच विवाद पिछले काफी वक्तसे चर्चा में है। आरोप–प्रत्यारोप का सिलसिला थम नहीं रहा है। दरअसल, बीते दिनों नवाज की मां ने आलिया के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद विवाद बढ़ गया और फिर आलिया ने भी नवाजुद्दीन की मां पर कई संगीन आरोप लगाए हैं। बता दें कि आलिया और नवाजुद्दीन ने पहले अलग होने का फैसला किया था, लेकिन फिर दोनों साथ रहने लगे।



## उर्वशी रौतेला ने पेरिस में मनाया अपना 29वां जन्मदिन,

उर्वशी रौतेला इन दिनों फ्रांस में हैं। यहीं पर अभिनेत्री ने अपना जन्मदिन सेलिब्रेट किया है। उन्होंने अपने फैंस को जन्मदिन की बधाईयों के लिए धन्यवाद देते हुए एक वीडियो भी किया है। वीडियो में, अभिनेत्री एफिल टॉवर के सामने हाथों में दिल के आकर के बैलून लेकर खड़े होकर पोज देती नजर आ रही हैं। बी–टाउन की सबसे खूबसूरत अदाकारों में शुमार अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने 25 फरवरी को अपना 29वां बर्थडे सेलिब्रेट किया है। इस दौरान की कुछ तस्वीरें और वीडियो उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर शेयर की है, जो इस समय चर्चा का विषय बनी हुई हैं। बता दें, उर्वशी रौतेला इन दिनों फ्रांस में हैं। यहीं पर अभिनेत्री ने अपना जन्मदिन सेलिब्रेट किया है। उन्होंने अपने फैंस को जन्मदिन की बधाईयों के लिए धन्यवाद देते हुए एक वीडियो भी किया है। वीडियो में, अभिनेत्री एफिल टॉवर के सामने हाथों में दिल के आकर के बैलून लेकर खड़े होकर पोज देती नजर आ रही हैं। इस वीडियो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, श्अद्भुत अनंत आशीर्वादों उपहारों कॉलों ईमेलों के लिए सभी को लाखों ध न्यवाद। मैं आप सभी से प्यार करती हूं और मैं आप सभी का प्यार पाने के लिए सुपर धन्य और भाग्यशाली महसूस करती हूं। उर्वशी रौतेला ने वीडियो के अलावा बर्थडे की कुछ खूबसूरत तस्वीरें भी शेयर की हैं। इन तस्वीरों में अभिनेत्री अपने बर्थडे केक के साथ पोज देती नजर आ रही है। उर्वशी ने एक ब्लू कलर की मिनी फ्रॉक ड्रेस पहनी हुई है जिसमें वह हद से ज्यादा खूबसूरत लग रही हैं। तस्वीरों में अभिनेत्री मुस्कुराती नजर आ रही हैं। उनकी इस मुस्कुराहट पर सोशल मीडिया यूजर्स फिदा हो गए हैं। तस्वीरों के कमेंट सेक्शन में यूजर्स उर्वशी को उनके जन्मदिन की बधाइयाँ देते नजर आ रहे हैं।

# फिल्म राकी और रानी की प्रेम कहानी 9,000 स्क्रीन्स पर होगी रिलीज, पठान से भी आगे

रणवीर सिंह और आलिया भट्ट पिछले काफी समय से फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को लेकर सुर्खियों में हैं। यह फिल्म इसलिए भी खास है, क्योंकि करण जौहर इसके निर्देशन की कमान संभाल रहे हैं। फिल्म से जुड़ी आए दिन नई–नई जानकारी सामने आ रही है। अब इससे जुड़ी एक नई खबर सामने आई है। कहा जा रहा है कि धर्मा प्रोडक्शंस की यह अब तक की सबसे बड़ी रिलीज होगी।धर्मा प्रोडक्शंस रॉकी और रानी की प्रेम कहानी



के लिए वो करने वाला है, जो यशराज फिल्म्स पठान के लिए नहीं कर सका। पठान को दुनियाभर में 8,000 स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया था।रिपोर्ट के मुताबिक रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को करीब 9,000 स्क्रीन्स पर रिलीज किया जाएगा। रॉकी और रानी.... को उसकी स्टार पावर मिलती है अपने निर्देशक करण जौहर से, जिन्होंने पिछली बार 2016 में फिल्म ऐ दिल है मुश्किल का निर्देशन किया था।रिपोर्ट के मुताबिक करण फिल्म को अपनी सुपरहिट फिल्म कभी खुशी कभी गम के स्तर पर रिलीज करना चाहते हैं। पटना के एक एग्जिबिटर रोशन सिंह ने कहा, हम रॉकी और रानी.. के लिए फिर से अपना मल्टीप्लेक्स खोलने वाले हैं। पठान के अलावा रॉकी और रानी... को लेकर दर्शक काफी उत्साहित हैं। हमने धर्मा की हर फिल्म अपने यहां स्क्रीन की है। करण की इस फिल्म के लिए हम फिर अपना मल्टीप्लेक्स खोलने वाले हैं।इस फिल्म के जरिए आलिया और रणवीर ने दूसरी बार साथ काम किया है। इससे पहले दोनों फिल्म गली बॉय के लिए साथ आए थे। फिल्म में जहां रणवीर, रॉकी का किरदार निभाएंगे, वहीं आलिया, रानी की भूमिका में दिखेंगी। फिल्म में धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं। धर्मेंद्र सालों बाद इसके जरिए बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। यह फिल्म इसी साल 28 जुलाई को रिलीज हो रही है। करण फिल्म में अपने चहिते निर्देशक यश चोपड़ा को श्रद्धांजलि देंगे। आलिया–रणवीर पर एक गाना फिल्माया गया है, जिसके जरिए यश को श्रद्धांजलि दी जाएगी। बता दें कि करण की फिल्म कभी खुशी कभी गम का नाम यश की फिल्म कभी कभी से प्रेरित था।धर्मा प्रोडक्शंस की पिछली बार ब्रह्मास्त्र आई थी, जो ब्लॉकबस्टर रही। इसके बाद वह फिल्म गोविंदा नाम मेरा लेकर आए। हालांकि, इसे दर्शकों से उम्मीद के मुताबिक सफलता नहीं मिली।

# अदाकारा त्रिधा चौधरी नजर आएगी म्यूजिक् वीडियो धुआँ धुआँ में



कनीशा फिल्म्स के बैनर तले निर्मित म्यूजिघ्क् वीडियो श्धुआँ धुआँच में अदाकारा त्रिधा चौधरी बोल्ड और बिंदास अंदाज में बिल्कुल नए अवतार में नजर आएगी। चर्चित वेब सिरीज आश्रम में अपने बोल्ड लुक से सुर्खियाँ बटोरने वाली त्रिधा चौधरी और प्रणव वत्स की जोड़ी को पुनरू स्क्रीन पर उतारने का रिस्क श्धुआँ धुआँच सॉन्ग के निर्माता विनोद पालीवाल, अनवर शेख और सह निर्माता वृंदा भंडारी ने संयुक्तरूप से संगीत प्रेमियों की चाहत को ध्यान में रखते हुए लिया है।मुम्बई में इस जबरदस्त सॉन्ग की शूटिंग सम्पन्न हो चुकी है। इस सॉन्ग के निर्देशक देव थापे और ऋषि कुमार हैं जबकि कोरिओग्राफर हैं देव थापे। संगीत है विवियन रिचर्ड्स का। क्रिएटिव हेड श्रुति शुक्ला हैं। श्आश्रमच वेब सीरीज के द्वारा अपनी अदाकरी से लोगों को दीवाना बनाने वाली त्रिधा चौधरी अब प्रणव वत्स के साथ एक बार फिर लोगों का दिल जीतने वाली हैं। इन दिनों त्रिधा चौधरी इस सॉन्ग को लेकर काफी उत्साहित

**लोकतांत्रिक समाज**
हिन्दी साप्ताहिक
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक अहमद रज़ा द्वारा अनवर आफसेट, एम–58,59 बेस्मेन्ट विकासदीप बिल्डिंग, स्टेशन रोड, लखनऊ से मुद्रित तथा 105/151, फूलबाग, लखनऊ– 226001 उ.प्र. से प्रकाशित।
सम्पादक– मो. रज़ा
मो.– 7505721981
Email- raza9792@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक निर्मल के लिए शिखर ऑफसेट प्रिन्टर 89 गंदा नाला सिविल लाइन जिला सुलतानपुर उ.प्र. से मुद्रित तथा ग्राम भरसड़ा पोस्ट पीपरगांव थाना कूरेभार, जिला-सुलतानपुर उ.प्र. से प्रकाशित। **सम्पादक**-निर्मल मो.9415991932, 8738918470 **सहसम्पादक**- प्रदीप पाण्डेय
वेबसाइट http://www.devprabhatnews.in समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र सुल्तानपुर न्यायालय होगा।